फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 141 प्रभात जयपुर, गुरुवार 22 दिसम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot




**Remembering Uttam Kumar**

Uttam Kumar redefined the concept of masculinity that merges into the Bengali Bhadralok identity that found favour with his audience - male, and female.

**Distant Known Galaxies**

**Electrolytes: A Little More Salt**

The new electrolyte's secret? More salt.



"भारत जोड़ो यात्रा" के राजस्थान से विदाई के अवसर पर नूंह (हरियाणा) में राहुल गांधी ने सचिन पायलट को गले लगा लिया। इसके बाद पायलट दिल्ली रवाना हो गये।

# राजस्थान के आतिथ्य से खुश राहुल गांधी बोले "राम राम सा"

## ये वही शब्द हैं, जो राजेश पायलट से लेकर सचिन पायलट रोजाना बोलते रहे हैं

- राजस्थान के नेताओं को विदा करने के साथ राहुल गांधी ने सभी के साथ फोटो खिंचाई, लेकिन सचिन पायलट वह नेता हैं जिनसे गले मिलकर राहुल गांधी ने अपनापन दिखाया
- राहुल गांधी द्वारा पायलट को गले लगाकर अपनापन दिखाने के राजनैतिक हलकों में अलग -अलग मायने निकाले जा रहे हैं।
- आज बुधवार सुबह भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान से हरियाणा में प्रवेश कर गई और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूडा को तिरंगा झंडा सौंपा।

नूंह/ हरियाणा, 21 दिसम्बर (का.प्र.)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने 104 वें दिन हरियाणा के नूंह जिले में प्रवेश किया। यहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की मौजूदगी में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूड्डा को तिरंगा झंडा सौंपा। इसी के साथ राजस्थान में यात्रा को मिले शानदार समर्थन से अभिभूत राहुल गांधी ने राजस्थान को धन्यवाद देते हुए लिखा, "वीरों की भूमि म्हारा राजस्थान पर मिले अभूतपूर्व समर्थन के लिए मैं तहे दिल से राजस्थान के लोगों का आभार जताता हूं। राम राम सा।" गौरतलब है कि राजस्थान में राम राम सा बेहद आम है और राजेश पायलट भी यही बोलते थे और सचिन पायलट भी यही शब्द बोलते हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बुधवार सुबह 6 बजे राजस्थान से हरियाणा में दाखिल हुई। अलवर में हरियाणा बॉर्डर पर हुए कार्यक्रम में राहुल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से कहा कि राजस्थान में मंत्री महीने में एक बार 15 किलोमीटर पदयात्रा करेंगे। यह मॉडल कांग्रेस शासित हरेक राज्य में लागू किया जाए। राहुल गांधी बोले कि "मुझे खुशी हुई कि राजस्थान के मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष ने फैसला किया है कि राजस्थान के सब मंत्री, नेता महीने में एक बार 15 किलोमीटर पैदल चलेंगे, अर्थात पदयात्रा करेंगे। जनता के बीच जाकर उनकी सुनकर काम करेंगे। मैं खड़गे जी से कहूंगा, मेरा सुझाव है कि जहां भी कांग्रेस की सरकार बने हमारी कैबिनेट के मंत्रियों, विधायकों और नेताओं को महीने में कम से कम एक दिन इन सड़कों पर चलना चाहिए। धक्के खाने चाहिए, गिरना चाहिए, घुटने छिलने चाहिए।" इसके आगे राहुल गांधी बोले कि "जैसे आज सुबह से मुझ में कोई थकान नहीं है, वैसे ही शाम को मेरा चेहरा देखना, कोई थकान नहीं होगी। यहां राजस्थान के नेता बैठे हैं। अशोक गहलोत, गोविंद डोटासरा, सचिन पायलट, हरीश चौधरी बैठे हैं। इनका चेहरा देखिए। ये 17 दिन तक रोज 25 किलोमीटर चले हैं, इन्होंने हाफ मैराथन दौड़ी है, लेकिन इनके चेहरों पर कोई थकान नहीं है। हम अपनी शक्ति से नहीं आपकी मोहब्बत की शक्ति से चल रहे हैं। आपने इसमें पूरी शक्ति डाल दी।"

हरियाणा में प्रवेश के बाद राहुल गांधी ने राजस्थान के तमाम नेताओं के साथ में एक फोटो सैशन किया। इस फोटो सैशन की खासियत यह रही कि जहां सभी नेताओं के साथ राहुल गांधी ने हाथ मिला कर फोटो खिंचवाए, वहीं एकमात्र सचिन पायलट ऐसे नेता रहे, जिनके साथ राहुल गांधी ने गले मिलकर अपनापन जताया और फोटो क्लिक कराया। हालांकि राजनीतिक भाषा में इसे अलग-अलग तरीके से पेश किया जा सकता है, लेकिन जिस तरह से राहुल गांधी ने सचिन पायलट को गले लगाया और सचिन पायलट के साथ अपनापन जताया, वह कुछ अलग ही कहानी बयां कर रहा है।

# चीन से आने-जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

## विधायक कालीचरण सराफ ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को इस बारे में पत्र लिखा और अग्रिम धन्यवाद पत्र भी लिखा

- विधायक सराफ ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर मांग की है कि चीन और भारत के बीच अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें जारी हैं, इसलिए यहां कोविड संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है।
- चीन में प्रतिबंधों में ढील के बाद करोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है, जिससे दुनिया के सभी देश चिंतित हैं और उचित कदम उठा रहे हैं और निकटतम पड़ौसी देशों होने की वजह से भारत में ज्यादा चिंता है।

जयपुर, 21 दिसम्बर (का.सं.)। मालवीय नगर विधायक एवं पूर्व चिकित्सा मंत्री कालीचरण सराफ ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को, पड़ोसी देश चीन में उत्पन्न करोना की भयावह स्थिति के कारण चीन से आने-जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध लगाये जाने बाबत पत्र लिखा।

सराफ ने "पत्र में कहा है, इस पत्र के माध्यम से आपका ध्यान हमारे पड़ोसी देश चीन में उत्पन्न करोना की भयावह स्थिति की ओर दिलाना चाहूंगा। विगत कुछ समय से चीन में करोना वायरस की वजह से हालात निरंतर बिगड़ते जा रहे हैं। वहां प्रतिबंधों में दी गई ढील के बाद करोना संक्रमण की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। इतना ही नहीं, वहां इस बीमारी से मरने वालों की संख्या में भी भारी इज़ाफा हुआ है। ज़ीरो कोविड पॉलिसी खत्म होने के बाद वहां हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि करोना मरीजों को इलाज हेतु अस्पताल में बैड्स उपलब्ध नहीं हो रहे हैं तथा दवाईयों की भी भारी किल्लत हो गई है। इलाज के अभाव में बड़ी संख्या में मौतें हो गई हैं। जिनके अंतिम संस्कार के लिए भी वेटिंग चल रही है। चीन में केरोना के बिगड़ते हालात पर विश्व के सभी देश चिंतित हैं। पड़ोसी देश होने की वजह से भारत की चिंता और बढ़ जाती है और भारत के नागरिकों में भी चिंता एवं भय व्याप्त है। चूंकि करोना अत्यधिक संक्रमण महामारी है तथा चीन - भारत के बीच अंतर्राष्ट्रीय हवाई उड़ानें निरंतर जारी हैं जिनमें बड़ी संख्या में चीन से नागरिकों की आवाजाही हो रही है, ऐसे में हमारे देश में भी करोना संक्रमण का अत्यधिक खतरा बना हुआ

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# अब 6-जी लाने की तैयारी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर। भारत में इंटरनैट की 5 जी सेवा शुरु हुए अभी दो माह भी नहीं हुए कि दूरसंचार विभाग 6 जी तकनीक को प्रोत्साहन देने की शुरुआत कर रहा है। दूरसंचार राज्यमंत्री देवुसिंह चौहान ने लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विभाग ने 6 जी के लिए एक नवम्बर 2021 को एक टैक्नॉलजी इनोवेशन समूह बनाया था, जो देश में 6 जी के लिए शेडमैप व एक्शन प्लान बनाएगा।

- अभी 5 जी आए हुए दो माह भी नहीं हुए कि, भारत सरकार ने 6 जी लाने पर जोर देना शुरु कर दिया। लोकसभा में संचार राज्यमंत्री देवूसिंह चौहान ने यह जानकारी दी।

ग्रुप में 6 टास्क फोर्स होंगी, जिसमें उद्योग, शिक्षा, आर एण्ड डी संस्थान और सरकार के सदस्य होंगे। ये 6 टास्क फोर्स हैं। मल्टी डिसीप्लीनरी इनोवेटिव सलूशन्स, मल्टीप्लेटफॉर्म नैक्स्ट जनरैशन नैटवर्क्स, स्पैक्ट्रम फॉर नैक्स्ट जनरेशन रिक्वायरमैंट, डिवाइसेज, इंटरनैशनल स्टैंडर्ड कॉन्ट्रीब्यूशन, और रिसर्च डिवलपमैंट। मंत्री ने कहा कि भारत 6 जी विज़निंग कवायद में इंटरनैशन टैलीकम्युनिकेशन्स यूनियन की भी मदद कर रहा है।

# 'कोविड के सारे नियम कायदों का सख्ती से अनुसरण करें या यात्रा रद्द करें'

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर चेतावनी दी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मन्डाविया ने एक दिन पहले राहुल गांधी से कहा था कि कोविड संबंधी सावधानिया बरतें, या फिर इस समय चल रही भारत जोडो यात्रा को निलंबित कर दें। इसके एक दिन बाद ही स्वास्थ्य मंत्रालय ने सूचित किया है कि भारत में अत्यधिक संक्रामक बीएफ.7 ऑम्रिकोन वैरिएन्ट के तीन केस मिले हैं। इनमें से दो गुजरात में तथा एक ओडिशा में पाया गया है।

मूलतः चीन से शुरु हुआ यह नया कोविड वैरिएन्ट, जिसकी संक्रमण क्षमता सर्वाधिक बताई जाती है, अब तक कई देशों में मिल चुका है जिनमें अमेरिका, इंग्लैंड, दक्षिण कोरिया, ब्राजील तथा बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस एवं डेनमार्क जैसे यूरोपीय देश शामिल हैं।

नैशनल टैक्नीकल एडवाइज़री ग्रुप ऑन इम्यूनाइजेशन (एनटीएजीआई) के चेयरमैन डॉ.एन.के.अरोडा ने कहा है कि डरने की कोई बात नहीं हैं क्योंकि बड़े पैमाने पर फैले प्राकृतिक संक्रमण एवं वैक्सिनेशन के कारण भारत को हाईब्रिड इम्युनिटी का लाभ प्राप्त है। इसी बीच, कांग्रेस नेताओं ने राहुल को दी गयी मंडाविया की सलाह पर सवाल खड़े किये हैं तथा कहा है कि इस प्रकार का पत्र राजस्थान के भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया को तो नहीं भेजा, जो राज्य में जन आक्रोश यात्रा निकाल रहे हैं।

- कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस चेतावनी पर कटाक्ष करते हुए पूछा, "क्या भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया द्वारा राजस्थान में आयोजित "जन आक्रोश यात्रा" को भी ऐसा पत्र लिखा गया है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा है, "हवाई यात्रा के लिए मास्क तथा सैनिटाइज़र अनिवार्य नहीं किये गये हैं तथा सरकार ने सार्वजनिक आवागमन के लिए कोविड-19 से बचने के लिए सख्त अहतियातों की घोषणा अभी तक नहीं की है।" राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे जनता के जबरदस्त सहयोग और समर्थन से भाजपा घबरा गई है।

कोविड-संबंधी तैयारी की समीक्षा मीटिंग की अध्यक्षता करने के बाद, स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने आज कहा कि उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को सचेत होने तथा निगरानी को मजबूत बनाने के निर्देश दे दिये हैं। उन्होंने कहा, "हम किसी भी स्थिति से निबटने के लिए तैयार हैं।" केन्द्र सरकार सभी राज्यों को ये निर्देश पहले ही दे चुकी है कि वे महामारी की चौथी लहर के खतरे को ध्यान में रखते हुए जीनोम सीक्वेसिंग को बढ़ाये। राज्य सरकारों को भेजे गये नोटिस में, स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा था कि पूरे दुनिया में 35 लाख कोविड केस प्रति सप्ताह की जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि पॉजिटिव केसों के सैम्पलों की समय जीनोम सीक्वेसिंग में तेजी लाना बहुत जरुरी है ताकि इंडियन सार्स-कोव-2 जिनोम कन्सोर्टियम के जरिए वैरिएन्ट्स का पता चल सके।

# ट्विटर सी.ई.ओ. का पद छोड़ेंगे ऐलन मस्क

वाशिंगटन, 21 दिसंबर (वार्ता)। विश्व के जाने-माने व्यवसायी एलन मस्क ने बुधवार को कहा कि जैसे ही उन्हें उनकी जगह लेने वाला कोई मूर्ख व्यक्ति मिलेगा, वह ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे देंगे।

मस्क ने रविवार को एक पोल पोस्ट कर ट्विटर यूजर से पूछा था कि क्या उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मुख्य कार्यकारी के रूप में पद छोड़ देना चाहिए। बारह घंटे के मतदान के बाद सोमवार सुबह मतदान बंद हो गया,

- ऐलन मस्क ने खुद ट्विटर पर एक पोल के दौरान पूछा था कि, क्या उन्हें पद छोड़ देना चाहिये। ट्विटर पोल में अधिकतर यूज़र्स ने उन्हें पद छोड़ने की राय दी थी।

जिसमें 1.75 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं ने भाग लिया। लगभग 57.5 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने मस्क के इस्तीफे के पक्ष में मतदान किया, जबकि केवल 42.5 फीसदी ने इसके खिलाफ मतदान किया।

मस्क ने अपने ट्विटर पोल का जवाब दिया, जैसे ही मैं किसी को काम लेने के लिए पर्याप्त मूर्ख पाऊंगा, मैं सीईओ के पद से इस्तीफा दे दूंगा! उसके बाद, मैं सिर्फ सॉफ्टवेयर और सर्वर टीमों का नेतृत्व करूंगा।

# वाड्रा के मुकदमे का निर्णय आज आयेगा?

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 21 दिसम्बर। जोधपुर स्थित राजस्थान हाईकोर्ट में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ "मनी लॉड्रिंग" के आरोप के खिलाफ दायर याचिका पर तीन दिन तक सुनवाई के बाद न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने 22 दिसम्बर को अपना फैसला सुनाने के आदेश दिया है।

इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता के.टी.एस. तुलसी पैरवी के लिये अदालत के समक्ष प्रस्तुत हुए थे। रॉबर्ट वाड्रा ने अदालत में एनफोर्समेंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) द्वारा बीकानेर जिले के कोलायत में हुए जमीन खरीद के घोटाले के संबंध में दायर 'एनफोर्समेंट केस इनफॉर्मेशन रिपोर्ट' (ई. सी. आई. आर.) को रद्द करने की

- राजस्थान हाई कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई पूरी की और अपना निर्णय आज सुनाने की घोषणा की।

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# साउथ इंडिया में और आक्रामक हुआ चुनाव अभियान

## तेलंगाना में मु.मंत्री की पुत्री व पुत्र को लक्ष्य बनाया है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर। जहां उत्तरी भारत शीतलहर की चपेट में आता जा रहा है, वहीं दक्षिण भारत की राजनीति गर्माए जा रही है क्योंकि दृढ़ निश्चयी एवं ताकतवर भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक और तेलंगाना में अपना सर्वस्व झोंक रही है। ज्ञातव्य है कि दक्षिण भारत के इन दोनों राज्यों में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं।

जहाँ कर्नाटक चुनाव अगले वर्ष के पूर्वार्द्ध में होने हैं, वहीं तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल अगले वर्ष के उत्तरार्द्ध में पूरा होगा तथा वहाँ उसी समय चुनाव होंगे। कर्नाटक में भाजपा का बहुत कुछ दाँव पर लगा है क्योंकि वहाँ दो प्रभावशाली वरिष्ठ नेताओं के दबाव के चलते, वह एक खलबली की स्थिति गुजर रही है। तेलंगाना में भाजपा ने एक उत्तेजनापूर्ण अभियान छेड़ रखा है तथा पार्टी कोई कसर नही छोड़ रही है। तेलंगाना की राजनीति, घटिया स्तर की भाषा तथा बहस- मुबाहिसों के चलते, एक अशिष्ट एवं अभद्र रूप ले चुकी है। घटिया किस्म की भाषा राजनैतिक भाषणों पर हावी हो रही हैं।

- पुत्र के. टी. रामाराव पर भाजपा ने आरोप लगाया कि "ब्लड टैस्ट" करायें यह साबित करने के लिए कि वे ड्रग्स नहीं लेते।
- के. टी.रामाराव ने पलटवार करते हुए कहा, मोदी व अन्य भाजपा नेता भी ब्लड टैस्ट करायें, ड्रग्स न लेने का सबूत देने के लिए।
- पुत्री के. कविता पर, दिल्ली शराब के ठेके आवंटित करने में हुए भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया है भाजपा ने, तथा ईडी की चार्जशीट में उनका नाम बताया जाता है।
- तमिलनाडु में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पर डी.एम. के. ने आरोप लगाया था कि, प्रदेशाध्यक्ष राजनीति में आने से पहले एक सरकारी अफसर थे, अतः उनके पास इतना पैसा कहां से आया कि, वे पांच लाख रुपये की घड़ी पहनते हैं।
- प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि, वे घड़ी की खरीद की पूरी जानकारी देने को तैयार हैं, अगर मु.मंत्री स्टालिन, उनके पुत्र उदयनिधि तथा दामाद भी इस बारे में पूरी जानकारी दें कि उनके पास इतनी भारी संख्या में मंहगी घड़ियां कहां से आयी हैं कि वे हर सार्वजनिक आयोजन में नई घड़ी पहनकर आते हैं।
- कर्नाटक में आरोपों के मामले में भाजपा रक्षात्मक मुद्रा में है, क्योंकि एक ठेकेदार ने आत्महत्या की और सुसाइड नोट में लिखा कि, मंत्री ईश्वरप्पा, हर ठेके में 40 प्रतिशत कमीशन मांगते हैं और इसी कारण कांग्रेस ने वर्तमान भाजपा को 40 प्रतिशत कमीशन सरकार का नाम दे रखा है। परन्तु अब पूर्व मंत्री ईश्वरप्पा को इस भ्रष्टाचार के आरोप में क्लीन चिट मिल गयी है अतः वे पुनः मंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं तथा मंत्री न बनाने पर पार्टी को धमकी दे रहे हैं व दबाव बना रहे हैं।

भाजपा तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव के पुत्र और पुत्री क्रमशः के.टी. रामाराव तथा के. कविता दोनों पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है तथा यह मान कर चल रही है कि ऐसे आरोपों के चलते, उनकी छवि कुछ तो खराब होगी ही। जहाँ कविता पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि वे दिल्ली शराब घोटाले लिप्त रहीं हैं तथा इसका उल्लेख प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट में भी किया गया है, वहीं भाजपा नेता बाँदी संजय ने के.टी. रामाराव के खिलाफ द्वेषपूर्ण "वाइट पाउडर" अभियान छेड़ दिया है तथा उनसे कहा है कि वे अपना ब्लड सैम्पल दे और जांच करायें तथा सिद्ध करें कि वे ड्रग्स नहीं लेते हैं।

के.टी. रामा राव ने भाजपा नेता की भाषा और बयान का उतना ही चुभने वाला जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि क्या हो अगर वे भी यह मांग करें कि प्रधानमंत्री मोदी तथा अन्य शीर्ष नेता भी

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# 'मिलटरी सीक्रेटस नहीं मांग रहे हैं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम ने बुधवार को कहा कि 7 दिसम्बर को हुई शीतकालीन सत्र की शुरुआत से ही विपक्षी सांसद दृढ़तापूर्वक यह कह रहे थे कि चीन द्वारा किये गये हमले पर चर्चा की जाये, वे "मिलिटरी सीक्रेट्स नहीं मांग रहे हैं।"

- पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री पी. चिदम्बरम ने कहा कि "शीतकालीन सत्र के आरंभ से ही विपक्षी सदस्य चीन की घुसपैठ पर चर्चा कराना चाहते हैं, मिलिटरी सीक्रेट्स नहीं मांग रहे हैं।"

जब विपक्षी सांसद संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, उस पत्रकारों से बात करते हुये, चिदम्बरम

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## विचार बिन्दु

**श्रद्धा और विश्वास ऐसी जड़ी बूटियाँ हैं कि जो एक बार घोल कर पी लेता है वह चाहने पर मृत्यु को भी पीछे धकेल देता है।**

**–अमृतलाल नागर**

# कोचिंग हब में आत्महत्याओं का अंतहीन सिलसिला

एक मोटे अनुमान के अनुसार हजारों करोड़ से अधिक सालाना कारोबार वाली शिक्षा नगरी कोटा को लगता है नजर लग गई है। देश भर में विख्यात कोटा में उज्ज्वल भविष्य का समना संजोयें आने वाले युवाओं द्वारा खुदकशी करने का अंतहीन सिलसिला जारी है। इसी साल के ही आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो एक दर्जन से अधिक युवाओं ने सपनिले भविष्य के स्थान पर मौत को गले लगाने में किसी तरह का संकोच नहीं किया। यह कोई इस साल के ही हालात नहीं है अपितु यह पिछले कुछ सालों से लगातार चला आ रहा सिलसिला है। हांलाकि कोरोना काल में सब कुछ बंद होने से अवश्य कुछ सुधार दिखाई दिया था, पर हालात जस के तस देखने को मिल रहे हैं। यहां तक कि आए दिन इस तरह की खबरें आम होती जा रही है।

आखिर यह स्थिति क्यों होती जा रही है। यह अपने आप में विचारणीय मुद्दा हो जाता है। आखिर इसके लिए दोषी किसे माना जाए? स्वयं बच्चे को, अति महत्वाकांक्षी पेरेंट्स को, कोचिंग संस्थानों को, प्रशासन को या फिर हालातों को? हांलाकि किसी को दोषी ठहराने से समस्या का हल नहीं निकलने वाला हैं। यह भी सही है कि इन हालातों के लिए सरकार सहित सभी गंभीर है। तात्कालीक समाधान भी खोजे जाते रहे हैं पर परिणाम नहीं आ रहे। इंजीनियर या डॉक्टर बनने का सपना संजोए बच्चों का बीच राह में मौत को गले लगा लेना हृदय विदारक होने के साथ ही साथ कहीं गहरे तक सोचने को मजबूर कर देता है। आखिर क्या कारण है कि उज्ज्वल भविष्य व गरिमामय प्रोफेसन से जुड़ने की तैयारी की राह पर उतरते युवा इस कदर निराशा के दलदल में फंस जाते हैं कि बिना आगे-पीछे सोचे मौत को गले लगाने में हिचकते भी नहीं हैं।

कोटा में कोचिंग कर रहे छात्रों में जिस तेजी से आत्महत्याओं का दौर चला है वह अपने आप में गंभीर होने के साथ ही बच्चों के परिजनों, कोटावासियों या राजस्थान ही नहीं देश के मनोवैज्ञानिकों, राजनेताओं, प्रशासन, शिक्षाविदों को गहरी सोच में डाल दिया है। कोरोना काल में कोचिंग गतिविधियां बंद होने से आत्महत्याओं का यह अंतहीन सिलसिला कुछ कम अवश्य हुआ पर कोचिंग संस्थानों के चालू होते ही आत्महत्याओं का जो सिलसिला शुरु हो गया है वह अपने आप में चिंतनीय और समाधान खोजने को मजबूर कर देता है। यह कोई शिक्षा नगरी कोटा का नाम खराब करने का प्रयास नहीं है अपितु शिक्षा नगरी में आए दिन हो रही घटनाओं का विश्लेषण है। यह अपने आप में गंभीर है और इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार दोनों ही गंभीर भी है।

> **कृति के इन संदेशों में कितनी सचाई और दर्द छिपा है यह अपने आप बयां कर रहा है। आखिर बच्चों का बचपन बड़ों की महत्वाकांक्षा के आगे टिक नहीं पा रहा है और गला काट प्रतिस्पर्धा में ब़च्चों को मानसिक दबाव और कुंठा की राह धकेल रहा है।**

यही कोई दो माह पहले कोटा में कोचिंग कर रही छात्रा कृति ने सरकार और अपने माता-पिता को मृत्युपूर्व अपने नोट में जो संदेश दिया है वह बहुत कुछ बयां करता है। अपनी मां को लिखा कि– "आपने मेरे बचपन और बच्चा होने का फायदा उठाया और मुझे विज्ञान पसंद करने के लिए मजबूर करती रही।........ इस तरह की मजबूर करने वाली हरकत 11 वीं पढ़ रहीं मेरी छोटी बहन के साथ मत करना, वो जो करना चाहती है, जो पढ़ना चाहती है वह उसे करने देना" कुछ इसी तरह से सरकार को लिखा है कि अगर वे चाहते हैं कि– "कोई बच्चा नहीं मरे तो जितनी जल्दी हो सके इन कोचिंग संस्थानों को बंद करवा दें, यह कोचिंग खोखला बना देती है।" कृति के इन संदेशों में कितनी सचाई और दर्द छिपा है यह अपने आप बयां कर रहा है। आखिर बच्चों का बचपन बड़ों की महत्वाकांक्षा के आगे टिक नहीं पा रहा है और गला काट प्रतिस्पर्धा में ब़च्चों को मानसिक दबाव और कुंठा की राह धकेल रहा है। यह साफगोई है तो सचाई भी यही हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि औद्योगिक नगरी से कोटा ने शिक्षा नगरी के रुप में समूचे देश में पहचान बनाई है। पर संस्थान कारोबार में बदल जाते हैं तो उनके परिणाम भी भिन्न हो जाते हैं। आईआईटी और इंजीनियरिंग में प्रवेश दिलाने की कोचिंग के लिए कोटा शहर की पहचान पूरे देश में कोचिंग हब के रुप में है। पिछले कुछ दशकों में कुकुरमुत्ते की तरह कोटा में कोचिंग संस्थानों ने कारोबार के रुप में पांव पसारे हैं। अकेले कोटा में ही कोचिंग के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं की तादाद यही कोई दो से ढ़ाई लाख तक है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश में कोचिंग का व्यवसाय कोई 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का माना जा रहा है। इसमें से अकेले कोटा में कोचिंग का कारोबार एक हजार करोड़ रुपए से अधिक है। साफ है कोचिंग पूरी तरह से व्यवसाय का रुप ले चुकी है, ऐसे में मानवीय संबंध या गुरु-शिष्य के संबंध कोई मायने नहीं रखते। अपनत्व या आपसी संवेदना तो दूर-दूर की बात है। कोचिंग संस्थान पांच से छह घंटों तक कोचिंग कराते है शेष समय हॉस्टल में अध्ययन में बीतता है। पहले से ही मानसिक दबाव में रह रहे बच्चें कोचिंग संस्थानों की नियमित परीक्षाओं के माध्यम से रेंकिंग के दबाव में रहते संवेदनशील बच्चे इस दबाव को सहन ही नहीं कर पाते। कोचिंग संस्थानों के लिए तो यह निरा व्यवसाय बन जाने के कारण उन्हें बच्चों के मनोविज्ञान को समझने की ना तो जरुरत महसूस है और ना ही परवाह। दूसरी तरफ परिजन उंचे उंचे ख्बाब देखते हुए बच्चों का इन कोचिंग संस्थानों में प्रवेश कराकर अपने दायित्व की इतिश्री कर लेते हैं।

कोटा में चल रहे आत्महत्याओं के दौर से केन्द्र व राज्य सरकार दोनों ही चिंतित है। सरकार और मनोविज्ञानियों ने अपने स्तर पर प्रयास भी शुरु किए पर वह अभी कारगर नहीं हो पा रहे हैं। कोरोना से पहले केन्द्र सरकार ने आत्म हत्या के कारणों का अध्ययन कराने के लिए कमेटी गठित की। तो जिला प्रशासन भी सक्रिय हुआ। बच्चों के मानसिक दबाव को कम करने के लिए कोचिंग विद फन का कंसेप्ट लाया गया। जिला प्रशासन ने कोचिंग संस्थानों के लिए गाइड लाइन जारी करने के साथ ही होप हेल्प लाईन को शुरु किया गया। जिला प्रशासन की दखल के बाद फन डे, योग, मेडिटेशन के माध्यम से पढ़ाई के तनाव को कम करने के प्रयास शुरु किये गए। परिजनों ने भी अपने बच्चों से निरंतर संपर्क बनाना शुरु किया। काउसलिंग व स्क्रीनिंग जैसी व्यवस्थाएं भी नियमित करने का प्रयास आरंभ हुआ। कोटा में कोचिंग छात्रों की आत्म हत्या के कारण कोई भी रहे हो पर यह बेहद चिंतनीय है। हमें कोटा की पहचान को बनाए रखना है तो यहां कोचिंग लेने आने वाले बच्चों के आत्मबल को भी मजबूत करना होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 22 दिसम्बर, 2022


पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, ज्येष्ठ नक्षत्र रात्रि 4:03 तक, शूल योग सांय 5:43 तक, विष्टि करण प्रात: 8:45 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:03 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा प्रात: 8:45 तक है। आज त्रिस्तुनिक (जैन) है। आज से राष्ट्रीय पौष मास आरम्भ होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:33 तक, चर 11:08 से 12:25 तक, लाभ-अमृत 11:25 से 3:00 तक, शुभ 4:17 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:16, सूर्यास्त 5:34

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। परिवार में आपसी वाद-विवाद बढ़ने का भय बना रहेगा। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु**
अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आज सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**मकर**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**मिथुन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित समस्या का समाधान हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# परिवर्तन को तरसती पहली सीढ़ी

**नीलोत्पल** मृणाल का एक बड़ा यथार्थवादी और खोखली विचारधाराओं पर आक्रमण करता उपन्यास है जिसका शीर्षक है 'औघड़'। चमार टोले का पवित्तर दास शहर जाकर पैसे वाला बन जाता है और अपने मोहल्ले में काली मंदिर की स्थापना पर पूरे गांव को प्रसादी के लिए आमंत्रित करता है। धार्मिक भावनाओं से आकंठ डूबे समाज में खुशी नहीं कि काली का मंदिर बना है पर इर्ष्या और विद्वेष है कि एक चमार ने इतना धन कैसे कमाया और उसके घर का प्रसाद कौन खाने जाए। जैसा कि हम सब देखते रहे हैं और हमारे गांव में होता रहा है, पवित्तर दास का साथ दिया गांव के गांजा, भांग पीने वाले तथाकथित सवर्ण युवकों एवं देशी घी की मिठाइयों के स्वाद प्रेमी कुछ गांव वालों ने।

यहां एक बात हर तरफ देखी जाती है कि हमारे यहां जातिवाद ने देवी देवताओं और ईश्वर को भी विभाजित कर दिया। अपनी जाति पर गर्व तक तो ठीक हो सकता है पर दूसरी जातियों को हीन समझने का अधिकार भला इन लोगों को किसने दिया है?

भारत के तथाकथित संस्कृति रक्षक सदियों से अपने ही समाज के वंचित समूहों की आवाजों को सुनने के मामले में बहरे बने रहे हैं। शब्द तो बड़े बड़े गढ़ लिए पर व्यवहार में सामाजिक और आर्थिक विषमताओं पर बोलने का न तो साहस जुटा पाए और ना ही कभी इसकी इच्छा शक्ति रखी। जैसे-तैसे अपनी स्वार्थसिद्धि करते ये लोग आकर्षक शब्दावली की ओट में निचले तबके के शोषण में सहायक ही रहे है। परिणाम यह हुआ कि भारतीय समाज विभिन्न तरह के जातीय समूहों में विभक्त हो गया जहां पर जातियां एवम् उपजातियां ही एक नागरिक का सम्मान या अपमान तय करने लगी। यह एक पूर्णतया दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय स्थिति है जहां एक व्यक्ति को महज उसकी पैदाइश के अनुसार ही पहचाना जाने लगे। एक जैविक संयोग किसी जीव के भविष्य को भला कैसे निर्धारित कर सकता है?

1970 के दशक में एक झलक सी उभरी थी कि भारत इस सदियों पुराने मानवता विरोधी माहौल से ऊपर उठ जाएगा पर तिकड़मबाज राजनेताओं में जाति का जहर महानगरों तक में फैला दिया और अब तो लगने लगा है कि भारतीय समाज वैसा ही रहेगा जैसा रहीम ने 700 साल पहले कहा था– "रहिमन प्रीत ना कीजिए, जिस खीरा ने कीन बाहर से तो दिल मिले, भीतर फांकें तीन ।।"

यदि ऐसा ना होता तो वो क्या कारण हैं जब भारत सरकार ने कुल आबादी के 8.6 प्रतिशत आदिवासियों की जमीनें अपने अधिकार में ली जोकि सरकार द्वारा अधिकृत की गई भूमि का 50 प्रतिशत से भी अधिक हिस्सा है तो देश में कहीं से कोई आवाज नहीं उठी? यहां चुरू, झुंझुनूं या झोटवाड़ा जैसी जगह रसूखदारों के मकान बचाने के लिए ओवरब्रिज की चौड़ाई अव्यावहारिक रूप से पतली कर दी जाती है और वहां आदिवासियों को विस्थापित कर कोई अन्य व्यवस्था या रोजगार तक उपलब्ध नहीं करवाया जाता है। जब कोई आदिवासी अधिकार मांगता है जो वह राष्ट्र विरोधी घोषित हो जाता है जो हमेशा संदेहास्पद लगता रहा है क्योंकि इस खेल में पारदर्शिता का पूरा अभाव है। स्वयं सरकारी आंकड़ों के अनुसार झारखंड में 89 प्रतिशत और ओडिशा में 70-75 प्रतिशत खेतिहर मजदूर या अति लघु किसान हैं और इनमें से 55 प्रतिशत के करीब लोग भोजन असुरक्षा में हर एक दिन गुजारते हैं।


डॉ. रामावतार शर्मा

अब चाहें जानबूझ कर हो रहा हो या अनजाने में हमारे देश में एक षडयंत्र सा हो रहा है कि लोगों को बांट के रखो। आदि शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, रामानंद, संत तुकाराम, संकरदेव, कृष्ण चैतन्य, रविदास, कबीर, मीरा और चोखा मेला के प्रयत्नों के बावजूद हम जातियों में बंधे ही नहीं रहे बल्कि इन संतों के शिष्यों के रूप में नई जातियां विकसित हो गई। सिख गुरुओं ने एकरूप समाज का संदेश देकर एकता के प्रयास किए पर आज कितनी ही तरह के सिख नजर आते हैं। इस्लाम में मुसावत (समानता) की बात तो बड़े फख्र से होती है पर उनका समाज अशरफ (उच्च कोटि) और निम्न कोटि पसमांदा (असलफ और अरजाल) में बड़े स्तर तक बंटा हुआ है। पसमांदा का मतलब होता है पीछे छूटे हुए लोग। इन सब विभक्तियों का बड़ा कारण समाज के पिछड़े तबकों में शिक्षा का अभाव है। अशिक्षित लोगों को हिंसक भीड़ में बदलना आसान होता है इसलिए इन लोगों में राष्ट्र प्रेम जैसी भावनाएं विकसित नहीं हो पाती है जिसके लिए एक तरह से देश के प्रबुद्ध लोग ही जिम्मेदार मानें जायेंगे।

देश में एस सी, एस टी और ओ बी सी के लिए आरक्षण है तो इनमें से कोई भी यदि अपने जीवन में आगे बढ़ता है तो उसको दिल से कोई सम्मान नहीं मिलता पर ऐसा करने वाले भूल जाते हैं कि वे लोग भी सदियों से कुछ व्यवसायों पर एकाधिकार जमाए बैठे हैं। आरक्षण में भी सिर्फ कुछ परिवारों ने एकाधिकार जमा रखा है और वे अपनी जाति के बादशाह बन बैठे हैं और इस तरह से जाति में उप जाति उत्पन्न होती जा रही हैं। यहां सब कुछ उलझता सा जा रहा है और हर तरफ वैमनस्य नजर आने लगा है। हर तरफ फैल रहे निजीकरण के फलस्वरूप आरक्षण अपना महत्व खोता जायेगा और वातावरण में और कटुता बढ़ेगी। क्या हम ऐसा कर पाएंगे कि लोगों को पहली सीढ़ी से ऊपर उठाया जाए ताकि बड़े स्तर पर संभावित सामाजिक कटुता पर अंकुश लगे? क्या हमारा राजनीतिक एवम् सामाजिक नेतृत्व इतना संवेदनशील और सक्षम है कि कोई दूरगामी योजना को सोच दे सके?

यहां एक सवाल उभरता हैं क्या इस तरह की समस्याओं का कोई सम्मानजनक निवारण संभव है? उपाय तो है पर इसके लिए व्यक्तिगत और राष्ट्रीय दोनों तरह की चेतना चाहिए होती है। सिर्फ शासकीय परिवर्तनों से बड़ी सामाजिक व आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं निकल सकता है क्योंकि संसाधनों पर कब्जा करने में अगड़े और पिछड़े नेता या अधिकारी अपने ही समाज के लोगों को धक्का देने में झिझकते नहीं हैं। परिवर्तन व्यक्तिगत स्तर पर होगा तो ही स्थाई परिवर्तन होगा। लोगों को भाग्य के भरोसे जीने की आदत पड़ जाती है जो कि एक निराशावादी विचारधारा है। कर्म कुशलता के बिना भाग्य को भी घुण लग जाता है और कर्म किसी के भी भाग्य को बदलने में सक्षम है। तजुर्बे की कोई जाति नहीं होती, धर्म भी नहीं होता। कार्य में निपुणता का प्रशिक्षण संभव है इसलिए यदि इन क्षेत्र पर बड़ा कार्य किया जाए तो संभव है कि 200 करोड़ जनसंख्या की तरफ अग्रसर इस देश की आबादी में कुछ शकून आ पाए वरना वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने के सारे दावे ज्यादातर भारतीयों के लिए दिवा स्वप्न बन कर रह जायेंगे और समय के साथ देश में हर तरफ अपराध, हिंसा, लूटपाट और अराजकता आदि विस्तार लेने लगेंगे।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# "सम" में बी.एस.एफ. पार्क का उद्घाटन

**पार्क में पर्यटक बीएसएफ जवानों के विभिन्न गतिविधियों का अनुभव कर सकते हैं**


जैसलमेर में बी.एस.एफ. सम पार्क का महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल पंकज कुमार सिंह ( दाएं ) ने विधिवत् उद्घाटन किया।

- **पार्क में पर्यटक भी बॉर्डर की वास्तविकता से हो सकेंगे रुबरू**

**जैसलमेर,** (निसं)। 21 दिसम्बर 2022 को पंकज कुमार सिंह, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली ने बी.एस.एफ. पार्क , सम, जैसलमेर का विधिवत् उद्घाटन किया।

बीएसएफ सम पार्क में पर्यटक बीएसएफ जवानों के जंग की कहानियाँ, अन्तर्राष्ट्रीय बॉर्डर, सीमा चौकियों, बँकर्स, ऊटों पर गस्त, हथियार प्रदर्शनी, फॉटो गैलरी, ऑडियो-विडियो विजुवल हॉल, फायरिंग सिमुलेटर, चिल्ड्रन पार्क, कॅफेटेरिया, सॉवनियर शॉप आदि प्रकार की गतिविधियों का अनुभव कर सकते हैं। इस पार्क को आमजन के लिए आज खोला गया है, जहाँ पर बॉर्डर नहीं जा सकने वाले पर्यटक भी बॉर्डर की वास्तविकता से रुबरु हो सकेगें। पंकज सिंह ने जैसलमेर दौरे के दौरान राजस्थान सीमान्त के सभी वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर राजस्थान फ्रंटियर की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श भी किया।इस मौके पर महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल के अलावा, पी. वी रामाशास्त्री, अपर महानिदेशक पश्चिमी कमान, चंडीगढ़, फ्रंटियर राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# 'कृषि उत्पादन बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा के लिए बहु आयामी रणनीति अपनानी होगी'

- **पारम्परिक खेती के ज्ञान के साथ अपनाने होंगे नवाचार**
- **महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 16 वां दीक्षांत समारोह**

**उदयपुर,** (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर का 16 वां दीक्षांत समारोह बुधवार को गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कुलाधिपति एवं राज्यपाल, राजस्थान कलराज मिश्र ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। राज्यपाल दोपहर समारोह स्थल-विवेकानंद सभागार में पहुंचे जहाँ उनके स्वागत के पश्चात् दीक्षांत समारोह प्रारंभ हुआ। समारोह के प्रारम्भ में राज्यपाल ने उपस्थित विद्यार्थियों, अतिथियों एवं अभिभावकों को संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर 954 उपाधियां प्रदान की गई।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को नमन किया। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के लिए जीवन का नया सोपन है जिससे वे अपने अर्जित ज्ञान के प्रकाश को समाज और राष्ट्र के विकास के लिये चहुँ ओर फैलाएं। इस अवसर पर उन्होंने सभी पदक विजेताओं और उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि कृषि एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आपका यह विष्वविद्यालय शोध और षिक्षा का देष का प्रमुख केन्द्र बने। इसके लिए जरूरी है कि नवाचार अपनाते हुए ऐसे विषयों पर विष्वविद्यालय ध्यान दें जिससे खेतों में उन्नत पैदावर ही नहीं हो बल्कि स्थानीय जलवायु के अनुसार खेती आगे बढ़े। कृषि क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों के दौरान तेजी से विकास और पैदावार में भी तेजी से वृद्धि हुई है परन्तु इसके साथ ही मिट्टी की उर्वरा षक्ति क्षीण हुई है, खेती का क्षेत्र घटने लगा है। इसके साथ ही और भी बहुत सारी समस्याएं कृषि क्षेत्र में उत्पन्न हुई है। मैं चाहता हूं, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्ष्विद्यालय इन समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु नई तकनीकों के उपयोग के साथ ही ऐसी शोध विकसित करें जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढे, विभिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन हो साथ ही खेती में रासायनिक उर्वरकों का कम से कम उपयोग हो। ऐसे उपाय कृषि वैज्ञानिक सुझाएं जिससे खेत-खलिहानों में समृद्धि की बयार आए। हमें हमारी उस प्राचीन संस्कृति को सहेजने की जरूरत है। खेती के पारम्परिक तरीकों के साथ कृषि विज्ञान की हमारी वैदिक परम्परा और लोक से जुड़े ज्ञान का उपयोग हो इस पर वृहद स्तर पर चिंतन करने की आज जरूरत है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी व खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत हमें अब बहु-आयामी रणनीति अपनानी होगी।

कुलाधिपति योग्य छात्र छात्राओं को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये। इस दीक्षांत समारोह में भी बेटियों ने पदक हासिल करने में बाजी मारी है, इनमे से 12 छात्रों और 23 छात्राओं ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है जिसकी राज्यपाल ने भी प्रशंसा की। उन्होंने सभी उपाधियां और पदक पाने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने विश्वविद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय का कृषि शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार जैसे सभी मोर्चा पर श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। आईसीएआर रैंकिंग में भी हमने विगत वर्ष 15 वीं रैंक प्राप्त की है जो की 2 साल पहले 51 वीं थी। एमपीयूएटी को समूचे राजस्थान में श्रेष्ठतम विश्वविद्यालय के रूप में कुलाधिपति पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव मिला है। राज्यपाल के स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव पर गोद लिए ग्राम मदार में भी हमारा श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है जिसके फलस्वरूप हमारे कार्यों और मदार को सभी विश्वविद्यालयों के लिए आदर्श ग्राम के रूप में रखा गया है।

आपके आदेशों के प्रतिपालन में हम एम पी यूएटी में एक उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल बनाए रखने में सक्षम रहे हैं। फलस्वरूप इस दीक्षान्त समारोह में 760 स्नातक, 126 स्नातकोत्तर और 68 विद्यावाचस्पति विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की जा रही हैं। साथ ही कुलाधिपति के करकमलों से 13 स्नातक, 17 स्नातकोत्तर और 2 विद्यावाचस्पति छात्रों को उनके संबंधित संकायों में योग्यता के क्रम में प्रथम स्थान हासिल करने पर स्वर्ण पदक प्रदान किया जा रहा है। सामुदायिक व व्याहारिक विज्ञान महाविद्यालय के होनहार विद्यार्थी यथार्थ शर्मा को कुलाधिपति पदक से भी सम्मानित किया जा रहा है। 1 छात्रा को जैन इरिगेशन मेडल व 1 छात्रा को फूल सिंह राठौड़ स्मृति पदक भी प्रदान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील इंटोदिया ने बताया की विश्वविद्यालय के 16 वें दीक्षांत समारोह में 954 उपाधियाँ प्रदान की गई।

# लोक संस्कृति के पर्व शिल्पग्राम उत्सव का आगाज

- **शिल्प के आंगन में दिखी चहल-पहल**
- **दस दिन तक चलेगा उत्सव**


दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव का आगाज राज्यपाल कलराज मिश्र ( बीच में ) ने नगाड़ा बजाकर किया।

**उदयपुर,** (कासं)। झीलों के शहर के शिल्प के आंगन में शिल्पग्राम महोत्सव की शुरूआत बुधवार को हो गई। शिल्प और कला की संस्कृति के रूबरू कराने वाले इस महोत्सव में देश के कई प्रांतों के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। बुधवार शाम इस महोत्सव का शुभारंभ राज्यपाल कलराज मिश्र ने पारंपरिक नगाड़ा बजाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर इसकी शुरूआत की।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कहा कि शिल्पग्राम जीवन से जुड़ी उत्सवधर्मिता का त्योहार है। भारतीय संस्कृति जीवन से जुड़े संस्कारों से ही प्रत्यक्षत: जुड़ी हुई है। जीवन से जुड़े जो संस्कार हैं, उनसे ही कला उपजती रही है। उन्होंने कहा कि यहां जो स्टॉल लगाए हैं, उनको देखकर स्पष्ट ही यह अनुभूत होता है कि जीवन से जुड़ी परम्पराओं को कैसे कलाकारों ने अपने सृजन में शिल्प, चित्रकला और अन्य कलाओं में उकेरा है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करती है। यह सारा विश्व हमारा परिवार है। इसलिए सर्वे भवन्तु सुखिन के भावों से हमारी संस्कृति ओतप्रोत है। हमारे यहां शिल्प शास्त्रों में विविध प्रकार की कलाओं तथा हस्तशिल्पों का विशद् विवेचन किया गया है। शिल्प के अंतर्गत विभिन्न प्रकार से जुड़े हस्तशिल्प, डिजाइन और उनसे जुड़े सिद्धान्तों को वर्णित किया गया है।

उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे इन सभी कलाकारों की कलाओं की गहराई में जाएं। इससे पता चलेगा कोई एक कला नहीं यहां सभी कलाओं का मूल है। यही कलाओं का अन्त:संबंध है। इन्हें समझेंगे तो न केवल कलाओं के संसार में आप प्रवेश कर सकेंगे बल्कि मन भी उल्लसित होगा। शिल्पग्राम उत्सव के बहाने लोक संस्कृति से, लोक और जनजातीय कलाकारों की कला से रू-ब-रू होने के जो अवसर मिल रहे हैं, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि उदयपुर का यह शिल्पग्राम देशभर में विख्यात है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां पर राजस्थान, गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र की ग्रामीण और स्वदेशी संस्कृति एक साथ अनुभूत की जा सकती है। इन सभी राज्यों के विभिन्न जातीय समुदायों की संस्कृति, उनकी जीवनशैली और परंपराओं को यहां झोपडियों में दर्शाया गया है। राज्यपाल मिश्र ने जयपुर के तमाशा कलाकार व रंगकर्मी दिलीप कुमार भट्ट तथा अहमदाबाद के संस्कृति कर्मी तथा जनजाति कला के उन्नयन में उल्लेखनीय कार्य करने वाले डॉ. भगवान दास पटेल को पद्मभूषण डॉ कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेन्ट पुरस्कार प्रदान किया। आरंभ में राज्यपाल ने संगम सभागार में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा बेणेश्वर धाम के संत मावजी महाराज के चोपड़ों में समाहित चित्रों का छायांकन कर प्रलेखन किए गए चित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि शिल्पग्राम उत्सव में 400 शिल्पकार और 700 लोक कलाकार भाग ले रहे हैं। शुभारंभ समारोह में गोवा के कला एवं संस्कृति मंत्री गोविन्द गावड़े, बेणेश्वर धाम के महंत अच्युतानंद पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र निदेशक किरण सोनी गुप्ता, चुनाव आयुक्त मधुकर गुप्ता, संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट, जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ओएसडी गोविन्द जायसवाल आदि मौजूद रहे।

शिल्पग्राम उत्सव के उद्घाटन अवसर पर मुख्य रंगमंच पर 'समागम' के आयोजन के अंतर्गत 9 राज्यों के सवा दो सौ कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रोलोग से हुई जिसमें दीपों से उत्सव का प्रकाश फैलाया। इसके बाद पश्चिम बंगाल के श्री खोल नृत्य से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद जम्मू कश्मीर रॉफ, असम का बोडई शिखला, उडीसा को गोटीपुआ, महाराष्ट्र का लावणी, गोवा का समई, झारखण्ड का छऊ गुजरात का डांग और पंजाब के भांगड़े की प्रस्तुतियां सम्मोहक रही। अंत में समस्त प्रतिभागियों ने एक साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर आकर्षक सामूहिक नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# भूंगरा में सिलेंडर विस्फोट हादसा स्थल देख भर आया मंत्री शेखावत का दिल

## केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत हादसा स्थल पहुंचे

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बुधवार को सुबह हवाई मार्ग से जोधपुर पहुंचे। इसके बाद वे सड़क मार्ग से भूंगरा के लिए रवाना हो गए। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सुबह भूंगरा स्थित सगतसिंह की ढाणी सहित आसपास की विविध ढाणियों में पहुंचे तथा हादसे में काल कलवित मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। वे सर्वप्रथम सगत सिंह की ढाणी पहुंचे और हादसा स्थल का अवलोकन कर वस्तुस्थिति जानी।


केन्द्रीय मंत्री शेखावत ढाणी में शोकसभा में पहुंचे और मृतकों के परिजनों को सांत्वना प्रदान की। शोक प्रकट कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और जाजम पर बैठकर पीड़ित परिवारों का दु:ख बांटा। उन्होंने कहा कि मैं प्रत्येक पीड़ित परिवार के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी महसूस करता हूं। हादसे के बाद से ही मैं ज्यादा से ज्यादा मदद उपलब्ध कराने को निरंतर प्रयासरत हूं। यह समय खुले हृदय और हाथ से सहायता का है।

ग्रामीणों ने शेखावत को बताया कि विवाह कार्यक्रम के दौरान गैस सिलेंडर लीक होने से विस्फोट हुआ। सिलेंडर फटने से अफरा-तफरी मच गई। अनेक लोग चपेट में आ गए। हादसा स्थल को देख केन्द्रीय मंत्री शेखावत का दिल भर आया और उन्होंने कहा कि यह भयावह हादसा था, जो प्रभावित हुए, उनके परिजन जीवन में इसे भुला नहीं सकेंगे। जो हुआ, बहुत दु:खद है।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि प्रत्येक पीड़ित परिवार के प्रति मैं व्यक्तिगत जिम्मेदारी महसूस करता हूं। हादसे के बाद से ही मैं ज्यादा से ज्यादा मदद उपलब्ध कराने को निरंतर प्रयासरत हूं। यह समय खुले हृदय और हाथ से सहायता का है। केन्द्रीय मंत्री ने खेत सिंह जी की ढाणी-राजेंद्र नगर (भूंगरा), प्रभुदान जी की ढाणी, रणछोड़ सिंह की ढाणी, बहादुर सिंह की ढाणी, गजे सिंह सत्ता भाटियो की ढाणी, रायसर भीमजी की ढाण, रायसर नायो की ढाणी, भालू राजवा गिरधार सिंह की ढाणी, मेरिया डेरिया रण जी भटियो की ढाणी, भीम सिंह की ढाणी, बस्तवा सांग सिंह की ढाणी, बेलवा राणा जी भीम की ढाणी भी पहुंचे तथा संवेदना जताई। हादसे के पीड़ितों के परिजनों को ढांढस बंधाया और पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस दौरान पूर्व मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, पूर्व मंत्री भेराराम सियोल, भाजपा जोधपुर शहर ज़िला अध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, जिला अध्यक्ष देहात दक्षिण मनोहर पालीवाल, फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई, पूर्व विधायक शैतान सिंह, पूर्व विधायक जोगाराम पटेल,पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन सिंह भाटी, तिंवरी प्रधान गुड्डी, महापौर दक्षिण वनिता सेठ, पूर्व कुलपति डॉ. गुलाब सिंह चौहान, सवाई सिंह इंदा, राणोसा प्रताप सिंह, किशन सिंह गिलकोर, संगीता सोलंकी, महेन्द्र मेघवाल, धनजय खींवसर, कमलेश पुरोहित,आनद सिंह देनोक, विक्रमादतीय सिंह,महेन्द्र सिंह, मनीष सहित अनेक भाजपा नेता उनके साथ थे।

इसके साथ ही केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने 1971 भारत-पाक युद्ध में लोगेंवाला के हीरो पूर्व सैनिक सेना मैडल नायक भैरोसिंह राठौड़ के पैतृक गांव सोलंकियातला पहुंचे तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया।



केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सर्वप्रथम सगत सिंह की ढाणी पहुंचे और हादसा स्थल का अवलोकन कर वस्तुस्थिति जानी।

# ए.एस.आई. पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## एसीबी ने एएसआई अर्जुन लाल मीणा के आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी भी शुरू की



पुलिस थाने में तैनात एएसआई अर्जुन लाल मीणा को ( घेरे में ) एसीबी ने कार्रवाई कर गिरफ्तार किया।

**देवली, (निसं)।** शहर के पुलिस थाने में कार्यरत एएसआई को 5000 की रिश्वत लेते हुए एसीबी ने गिरफ्तार किया। ब्यूरो की टीम ने एएसआई अर्जुन लाल मीणा के आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी भी शुरू कर दी है। बुधवार को यहां एसीबी टोंक ने कार्रवाई करते हुए बताया कि शहर के पुलिस थाने में तैनात अर्जुन लाल मीणा सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना देवली को 5000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य ने बताया कि ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई। परिवादी ने बताया कि उसके विरुद्ध पुलिस थाने में दर्ज एक प्रकरण रिपोर्ट में कार्रवाई नहीं करने की एवज में एएसआई अर्जुन लाल मीणा उस पर 50 हजार रुपए की रिश्वत देने का दबाव बनाए हुए है और बार-बार रिश्वत की राशि देने के लिए परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी अजमेर के उपमहानिरीक्षक समीर सिंह के सुपरविजन में एसीबी इकाई टोंक के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया।

- **पुलिस थाने में दर्ज एक प्रकरण रिपोर्ट में कार्रवाई नहीं करने की एवज में रिश्वत देने का दबाव**

रिश्वत मांगने वाले मामले में सत्यापन हो जाने के बाद महानिदेशक भगवान लाल सोनी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य ने एक टीम गठित कर मामले में कार्रवाई किए जाने पर आदेश जारी किए। गठित टीम ने एएस आई को ट्रेस किए जाने की कार्रवाई करते हुए अर्जुन लाल मीणा पुत्र जयनारायण मीणा निवासी मीणा का नया गांव तहसील सावर जिला अजमेर हाल सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना देवली जिला टोंक को परिवादी से 5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन के निर्देशन पर आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है।

यह भी बताया कि एसीबी टोंक द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा। जानकारी के अनुसार बुधवार को प्रात: 11 बजे के आसपास एंटी करप्शन ब्यूरो टॉक ने यह रिश्वत लिए जाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस थाने में तैनात एएसआई अर्जुन लाल मीणा को गिरफ्तार किया है। ए एसआई अर्जुन लाल मीणा को रिश्वत लिए जाने के बाद आसपास एसीबी टीम की मौजूदगी का आभास हो गया था।

एसीबी टीम का आभास होने पर ए एसआई अर्जुन लाल मीणा बुरी तरह घबरा गया तब ही ए एस आई मीणा ने अपनी बाइक लेकर फरार होने की पुरजोर कोशिश की परंतु सफल नहीं हो सका। और शहर के ममता सर्किल स्थित मोबाइल की दुकान में घुस गया। जहां भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम ने अर्जुन लाल मीणा को दबोच लिया। इस दौरान एएसआई अर्जुन लाल मीणा खुद को निर्दोष बताते रहा।

# अपने आप स्टार्ट होकर चल पड़ी बस, आग लगी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकटवर्ती कालवी बस स्टेण्ड के पास में आज दोपहर में खड़ी निजी बस में अचानक से स्टार्ट होने के बाद चल पड़ी। देखते ही देखते इस बस में आग लग गई और जलकर खाक हो गई। जलती बस का वीडियो भी वायरल हुआ है। कुछ युवकों ने चलती और जलती हुई इस बस के आगे पत्थर डालकर रोकने का प्रयास भी किया, मगर बस फुटपाथ हल्की टकराने के बाद ही रूक पाई। एकबारगी वहां पर यातायात जाम लग गया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शास्त्रीनगर एवं नागौरी गेट से दो दमकलों ने मिलकर आग पर काबू पाया।

नागौरी गेट फायर स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे सूचना मिली कि आरटीओ के पास में निजी बस स्टेण्ड कालवी प्याऊ के समीप एक बस में आग लगी है। इस पर एक गाड़ी के साथ फायरमैन गैनाराम, दलीप सिंह, रोहित एवं अमित कुमार वहां पहुंचे। बस में लगी आग की भीषणता को देखते हुए एक अन्य गाड़ी शास्त्री नगर फायर स्टेशन से बुलाई गई।

दोनों गाडियों ने मिलकर करीबन आधे घंटे में आग को काबू कर लिया। मगर तब तक बस आग से पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार बस खड़ी थी और अचानक से स्टार्ट होकर निकल गई। बाद में संभवत: इंजन में शार्ट सर्किट होने से यह आग लगी होगी। सबसे चौकानें बात सामने आई की बस स्टार्ट होने के साथ वह धीरे- धीरे आगे भी बढऩे लगी। कुछ युवकों ने पत्थर डालकर बस को रोकने का प्रयास किया। मगर नाकाम रहे। बाद में बस फुटपाथ से हल्का टकराने के बाद रूक गई। इस बीच दमकल की गाडिय़ां भी पहुंच गई।

## दो फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** द्वितीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा में परीक्षा देने आए दो फर्जी परीक्षार्थियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। शहर के सवीना थाना क्षेत्र एकलिंगपुरा स्थित रा.उ.मा. वि. में आयोजित द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान बुधवार को संदिग्ध जारोल निवासी मनोहरलाल पुत्र हिरालाल विश्नोई को गिरफ्तार किया।

मनोहरलाल प्रथम श्रेणी अध्यापक बताया जाता है । इसी तरह विद्याभवन सी. सैकण्ड्री स्कूल में प्रकाश चन्द्र लूर की जगहर पर नरेन्द्रसिंह परीक्षा देने आया था। जिसकी संदिग्ध गतिविधी होने पर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नगर परिषद कमिश्नर के चैंबर के बाहर लापता के पोस्टर

**अलवर, (निसं)।** अलवर नगर परिषद कमिश्नर के चैंबर के बाहर दो पार्षदों ने कमिश्नर के लापता के पोस्टर लगा दिए। पार्षदों ने कहा कि आयुक्त 10 दिन से दफ्तर नहीं आ रहे। जिसके कारण जनता भटक रही है। उनके कामकाज नहीं हो पा रहे।

वार्ड 10 से महेश नायक व 11 से देवेंद्र रसगनिया ने पोस्टर लगा कर विरोध जताया है। पोस्टर पर यह भी लिखा कि कमिश्नर का पता बताने पर 100 रुपए का इनाम दिया जाएगा। पार्षद देवेंद्र रसगनिया ने कहा कि कमिश्नर पिछले लगातार 10 से 12 दिनों ऑफिस नहीं आ रहे। कच्ची बस्ती के पट्टों की सुध नहीं है। दूसरे पट्टों के काम अटके हुए हैं। कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी नदारद रहते हैं। सभापति लागतार सीट पर दिखते हैं। लेकिन आयुक्त के बिना काम नहीं हो पाते हैं। इस कारण आयुक्त के खिलाफ पोस्टर लगाए गए हैं। ताकि आयुक्त जनता के कामों के प्रति गंभीर हो सके। आयुक्त के खिलाफ पार्षद रसगनिया ने कुछ दिन पहले दंडौती देकर विरोध जताया था।

- **नगर परिषद पार्षद बोले 10 दिन से नहीं आ रहे दफ्तर**

उस समय पार्षद का कहना है कि उनके वार्ड 10 व 11 में कोई काम नहीं हो रहे। जनता परेशान है। विकास के कामकाज ठप हैं। अब गुमशुदा के पोस्टर लगा दिए। इससे पहले भी पार्षद ने कई बार अलग-अलग तरीके से विरोध जताया है।

## कल से दौड़ेगी सालासर एक्सप्रेस

**सुजानगढ़, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा कोहरे के बहाने से तीन माह के लिए बंद की गई सालासर एक्सप्रेस कल शुक्रवार से फिर से पटरियों पर दौडेगी। सालासर बालाजी के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं सहित क्षेत्र के निवासियों के लिए दिल्ली से जोधपुर तक के लिए सीधी रेल सेवा थी। जिसके बंद होने से जोधपुर से दिल्ली का सफर करने वाले यात्रियों को परेशान होना पड रहा था। लाडनूं निवासी कोलकाता प्रवासी व उत्तर पश्चिम रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अनिल कुमार खटेड ने बताया कि रेलवे द्वारा कोहरे का बहाना कर तीन महीने के लिए सालासर एक्सप्रेस का संचालन बंद कर दिया गया था। जिसके पश्चात उनके द्वारा प्रयास किए गए, साथ ही नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल, चूरू सांसद राहूल कस्वां ने भी लगातार पत्र व्यवहार कर रेल मंत्रालय पर दबाव बनाया। जिसके चलते रेलवे द्वारा आगामी 23 दिसम्बर से सालासर एक्सप्रेस के पुन: संचालन के आदेश दिए हैं। पार्षद डॉ. शर्मिला सोनी ने बताया कि इस ट्रैन का संचालन होने से यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा।

# हरियाणा सीमावर्ती क्षेत्र राजगढ़ में छाया कोहरा

If the multiple lithium-ion batteries in an electric car sit too close together, they can heat each other up, which could eventually lead to overheating and fire. But, if an electric car contains batteries filled with an electrolyte like SAFE that is stable at high temperatures, its batteries can be packed close together without worry of overheating.


In addition to mitigating fire risk, this means less space occupied by cooling systems and more space for batteries. More batteries increase the overall energy density, meaning the car could go longer between charging.

"So it's not just a safety benefit," says Huang. "This electrolyte could also allow you to pack in a lot more batteries."

Time will tell what other battery-powered products could get a little SAFE-er.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सम्मेद शिखर तीर्थक्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने का विरोध

## अजमेर में जैन समाज के प्रतिष्ठान बंद रहे

**अजमेर, (कासं)।** सकल जैन समाज अजमेर द्वारा आज शाश्वत तीर्थराज श्री सम्मेदशिखर तीर्थक्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र घोषित किये जाने के विरोध में सम्पूर्ण जैन समाज के प्रतिष्ठान व व्यवसायिक गतिविधियां सम्पूर्ण बंद रही।

श्री दिगम्बर जैन महासमिति के महामंत्री कमल गंगवाल एंव दिगम्बर जैन महासंघ अजमेर के जनसम्पर्क मंत्री लोकेष ढिलवारी ने बताया कि झारखंड सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुख जैन तीर्थ क्षेत्र श्री सम्मेदशिखर को पर्यटन स्थल बनाये जाने की अधिसूचना जारी किये जाने के विरोध स्वरूप आज अजमेर शहर के सकल जैन समाज के व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्णतया बंद रहे जिसमें मुख्यतय: नया बाजार, पुरानी मंडी, आगरा गेट, मदार गेट, केसरगंज, नाका मदार, ज्ञानोदय नगर, पडाव, वैशाली नगर, नला बाजार, डिग्गी बाजार, ब्लू केसल, कबीर मार्ग, गोल चक्कर के व्यापारियो ने प्रतिष्ठान बंद करके अपना विरोध दर्ज कराया जिसमे ''जैन धर्म निभाना है, सम्मेदशिखर बचाना'', के नारे लगाकर शान्तिपूर्वक प्रदर्शन किया एंव श्री सम्मेदशिखर तीर्थक्षेत्र को धार्मिक पवित्र तीर्थ क्षेत्र घोषित करने हेतु केन्द्र व झारखंड सरकार से मांग की।




तीर्थराज श्री सम्मेदशिखर तीर्थक्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र घोषित किये जाने के विरोध में सम्पूर्ण जैन समाज के प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध जताया।

गंगवाल व ढि लवारी ने बताया कि निर्यापकश्रमण मुनि श्री सुधासागरजी महाराज एवं जैन संतो के आहवान पर सम्पूर्ण भारतवर्ष में सकल जैन समाज ने एकता का परिचय देते हुए अधिसूचना को निरस्त करने के लिये भारी विरोध दर्ज कराया और अपने अपने प्रतिष्ठानो को बंद रखकर सरकारों को आगाह किया। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष शिखरंचद जैन व मुकेश सेठी ने बताया कि जैन समाज ने एकता का परिचय देते हुये अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। सकल जैन समाज के युवावर्ग कमल गंगवाल, लोकेष ढि लवारी, संजय कुमार जैन, मनीष गदिया, मिश्रीलाल गदिया, गौरव लुहाडिया, पवन बडजात्या, अशोक छाजेड, गौतम रांका, रिपेन्द्र कासलीवाल, विशाल गंगवाल, पंकज गंगवाल, विपिन

- केन्द्र एवं झारखंड सरकार के खिलाफ आक्रोश

गदिया, राजू चोरडिया, अचल जैन, कमल बडजात्या, मनोज ठोल्या, अंकित जैन, निर्मल पहाडिया, राजकुमार पांडया, अनिल पहाडिया, महावीर कासलीवाल अजीत जैन, अतुल पांडया, अतुल पाटनी, सुनील जैन, विकास कटारिया, राकेश गदिया, दीपक जैन पटवा, उत्तम पाटनी, बाबी गदिया, सुनील गदिया, अरिजंय गदिया, सुरेन्द्र कासलीवाल, कुणाल मेहता विजय पांडया, आदि ने बंद को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

झारखंड सरकार के बडे फैसले पर जैन समाज में खुशी की लहर:- सांयकाल झारखड सरकार के निर्णय से भारतवर्ष की जैन समाज में खुशी की लहर दौड गई, जब झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा श्री सम्मेदशिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने के फैसले को वापस लेने की घोषणा की। साथ ही श्री सम्मेदशिखर तीर्थ क्षेत्र को तीर्थ क्षेत्र के रूप में पहचान दी जायेगी।

# बस चालक से मारपीट, पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर जताया रोष



बस चालक के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद समझाइश करते पुलिस अधिकारी।

**अजमेर, (कासं)।** रोडवेज बस स्टैंड के समीप कुन्दन नगर के पास रोडवेज बस की टक्कर से कार का साइड मिरर टूट गया। इसके बाद मौजूद तीन पुलिस कर्मियों ने चालक से मारपीट कर दी। आरोप है कि चालक और उसके बचाव में आए एक अन्य चालक को पहले थप्पड़ मारे और बाद में उसे पट्टे से पीटा गया।

घटना के बाद गुस्साए बस चालकों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। बाद में बस स्टैंड पर हंगामा हुआ तो पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। चालक से वसूले गए पैसे वापस लौटाए। तब जाकर मामला शांत हुआ। हालांकि पुलिस का कहना रहा कि यह कार मालिक व बस ड्राइवर का आपसी मामला था जो समझाइश के बाद शांत हो गया। बस चालक मोहन सिंह ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड के पास कुन्दन नगर के पास बस गलत साइड से आ रही एक कार के साइड मिरर से टकराई और मिरर टूट गया। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ हो गई। कार में सवार लोगों ने मारपीट की। बाद में वह बस स्टैंड पहुंच गया।

इसी दौरान पुलिसकर्मी उसे चौकी ले गए। वहां चार हजार रुपए ले लिए। चालक रामदयाल का आरोप है कि इस दौरान तीन पुलिसकर्मी आए और उसके खिलाफ मामला दर्ज कराने की बात कहने लगे। फिर से उसके साथ मारपीट की। पहले थप्पड़ मारे और बाद मे उसे लेकर जाकर बेल्ट से पीटा। इसके बाद अन्य चालक भी आ गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बाद में गुस्साए चालकों ने बसों का संचालन ठप करने की चेतावनी दी। कुछ देकर के लिए बसों का संचालन रोक दिया। बाद में पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश की।

# ब्रांच मैनेजर 31.24 लाख का गबन कर फरार

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर के फाइनेंस कंपनी बिछीवाडा का ब्रांच मैनेजर 31.24 लाख रुपए का गबन कर फरार हो गया। आरोपी ने महिला समूह के लोन की किश्तों को बैंक खाते में जमा नहीं करवाकर इनका गबन कर लिया। मामले में अब ब्रांच मैनेजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया गया है। वहीं पुलिस आरोपी ब्रांच मैनेजर की तलाश शुरू कर दी है।

बिछीवाडा थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया कि भारत फाइनेंस इंकल्यूशन लिमिटेड इंड्सइंड बैंक के ब्रांच मैनेजर रोशन शर्मा निवासी चौमूं जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में उसने बताया कि उनका बैंक ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में महिला समूह को लोन दिलाकर आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का काम करते है। वहीं ब्रांच के फील्ड ऑफिसर लोन के रूप में दिए रुपयों की रिकवरी कर ब्रांच में जमा करवाते हैं। वहीं ब्रांच मैनेजर इन रुपयों को फाइनेंस कंपनी के एसबीआई के खाते में जमा करवाते हैं। ब्रांच में पूर्व में मैनेजर के पद पर दीपेंद्र सिंह पुत्र बजरंग सिंह राठौड निवासी सावली जिला सीकर कार्यरत थे। ब्रांच मैनेजर ने पद का दुरुपयोग करते हुए 1 दिसंबर 2022 को एसबीआई शाखा बिछीवाडा में 9 लाख 50 हजार रुपए की डुप्लीकेट रसीद बनाकर बैंक में जमा नहीं करवाए और ये रुपया अपने पास ही रख लिया। उसी दिन 6 लाख 64 हजार रुपए के फर्जी वाउचर बनाएए लेकिन पैसा बैंक में जमा नहीं करवाया और ये रुपए भी रख लिए। 3 दिसंबर 2022 को ब्रांच के क्रेडिट मैनेजर महेंद्र कुमार के नाम से एसबीआई बिछीवाडा में 6 लाख रुपए की डुप्लीकेट रसीद बनाकर उस पर फर्जी मोहर लगाई और रुपए जमा नहीं करवाए। यह पूरा पैसा भी गबन कर लिया। उसी दिन ब्रांच क्रेडिट मैनेजर महेंद्र कुमार के नाम से एसबीआई बिछीवाडा में 4 लाख रुपए की डुप्लीकेट रसीद बनाई। उस पर फर्जी मोहर लगाकर रुपए हडप लिए। ब्रांच मैनेजर दीपेंद्रसिंह ने करीब 15 मेंबरों को प्रति मेंबर 34 हजार रुपए का लोन भी स्वीकृत करवाया, लेकिन यह राशि अपने मिलने वालों के खातों में जमा करवा दी।

## साइंस पार्क का शुरू नहीं हुआ कार्य

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में साइंस पार्क बनाने की घोषणा और शिलान्यास होने के बाद भी राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा अभी तक काम शुरू नहीं कराया गया है। केंद्र सरकार द्वारा मांगे गए कंटूर मैप (समोच्च रेखा मानचित्र) को राज्य सरकार ने एक माह देरी से भेजा, जिसमें केंद्र सरकार के संबंधित सचिव ने कुछ अशुद्धि निकाली है। मतलब राज्य की कांठोस सरकार जानबूझ कर इसमें रोड़े डाल रही है। यदि सही मैप भेज देते, तो साइंस पार्क की राह आसान हो जाती।

# पुलिस की सांठगांठ से गांवों में भी हो रही हैं चोरियां: उपनेता प्रतिपक्ष

## तहसील में चल रही जन आक्रोश यात्रा का पांचवा

**चूरू, (कासं)।** तहसील में चल रही जन आक्रोश यात्रा के पाचवें दिन पोटी, रायपुरिया, जासासर, नाकरासर, ढाढरिया बनिरोतान, जसरासर, दुधवामिठा, बलरासर आथुना व पिथिसर आदि गांवों में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है। अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। कांग्रेस के नेता मां बेटे की पार्टी की सेवा में ही चार साल निकाल दिये। तो ये जनता का भला करेंगे। इनके राज में जनता परेशान हो रहे है। इनका जनता की तरफ ध्यान नही है। ये तो सिर्फ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सेवा भाव करने में लगे है कि कंही इनकी सेवा में कोई कमी न रह जाये। वही दूसरी ओर जिले में चूरू के गांवों में चोरों के होंसले बुलन्द है। चोरों का समूह पुलिस की सांठगांठ से अब गांवों को निशाना बना रखा है। जबकि पुलिस अभी तक इन चोरों को पकड़ भी नहीं पाई है।

कांग्रेस सरकार विकास के नाम पर अभी तक विफल रही है। पिछले चार साल में सिर्फ आपसी खींचातानी में निकाल दिया है। ऐसी सरकार जनता का क्या ध्यान रखेंगी। केन्द्र सरकार ने देश के किसानों को प्रधानमंत्री निधि योजना से लाभान्वित किया है। बल्कि राज्य सरकार ने कांठोस सरकार ने किसानों

- दिन उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ग्रामीणों को सम्बोधित किया
- इस दौरान राठौड़ ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है

के साथ ठगी का काम किया है। आज का किसान अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। अब आगे भाजपा की सरकार फूल बहुमत से राज्य में आ रही है। फिर देखना विकास की गंगा बहेगी। राज्य में बिजली की कटौती कैसे हो रही है। गांवों में 12-12 घंटे बिजली की कटौती हो रही है। बिजली के बिलों में अनाप शनाप राशि आ रही है। जो आमजन की क्षमता से ज्यादा बिजली के बिल आ रहे है।

यात्रा के अध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि इस यात्रा के दौरान गांव के लोगो का दर्द देखने को मिला है कि आज किसान इस निरकुंश सरकार से कितनी दुखी है। कांठोस सरकार ने लोगों को ठगने के सिवाय कोई काम नही किया है। सिर्फ जनता को लूटने का काम किया है। इस अवसर पर यात्रा संयोजक हरलाल सहारण ने कहा कि इन सबका हिसाब भाजपा सरकार आने के बाद होगा। किसान हितैषी सरकार सिर्फ भाजपा ही है। कांग्रेस ने राज्य में अराजकता फैलाने का काम किया है।

यात्रा में प्रधान दीपचंद राहड़, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, पदम सिंह राठौड़, सीताराम लुगरिया, जिला उपाध्यक्ष चन्द्राराम गुरी, उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, रणवीर कस्वां, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालान, जिला महामंत्री सीपी शर्मा, करणीसिंह रायपुरिया, सुरेन्द्र सिंह सहनाली, बिनासर मंडल अध्यक्ष विद्याधर शर्मा,नागरमल गुरी, सत्तार खान, चेतराम सहारण, राकेश गोदारा, बलवीर ढाका, ताराचंद भाम्बू, जंगशेर खान आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। संचालन जिला उपाध्यक्ष चन्द्राराम गुरी ने किया। इस मौके पर रायपुरिया सरपंच बिहारीलाल बरोड़, जासासर सरपंच सन्दीप वर्मा, नाकरासर सरपंच शिशपाल भाम्बू, ढाढरिया सरपंच करनी सिंह, बालरासर आथुना सरपंच श्योराम व पिथिसर सरपंच जंगशेर खान आदि ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## आर.पी.एस.सी. का स्थाना दिवस आज

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग 22 दिसंबर को अपना 74 वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस अवसर पर आयोग अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में आयोग की वर्ष 2022 के दौरान अर्जित उपलब्धियों व किए गए नवाचारों के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान आयोग सदस्य डॉ संगीता आर्य, जसवंत सिंह राठी, बाबूलाल कटारा एवं डॉ मंजू शर्मा भी उपस्थित रहीं। आयोग अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय ने कहा कि इस वर्ष किए गए प्रक्रिया संवर्धन तथा नवाचारों से समयबद्ध व शुचिता पूर्ण भर्ती परीक्षा कराने का संकल्प साकार हुआ है। आयोग द्वारा आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए परीक्षार्थियों की सुविधार्थ अनेक प्रक्रियाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है, जिससे अभ्यर्थियों के समय, श्रम और धन की बचत भी होने लगी है। इसका सदुपयोग अभ्यर्थी परीक्षाओं की तैयारी में कर सकते है।

# उत्कर्ष प्रकाशन की 10वीं बोर्ड के लिए ऑल-इन-वन मॉडल पेपर बुक लॉन्च

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित आगामी माध्यमिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्कर्ष प्रकाशन की ऑल-इन-वन मॉडल पेपर्स बुक की लॉन्चिंग बुधवार, 21 दिसंबर को की गई। उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए यह समय अपनी बोर्ड परीक्षा की निर्णायक तैयारी का है।

ऐसे में यदि विद्यार्थी के पास अपनी अब तक की गई तैयारी का सारगर्भित रिवीजन कर उसे जाँचने-परखने का एक बेहतर विकल्प उपलब्ध हो तो उसका आत्मविश्वास और अधिक मजबूत होता है। राजस्थान के विद्यार्थियों को इसी तरह




बुक लांच करते संस्थान के निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत।

का विकल्प प्रदान करने के तहत संस्था ने अपने अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार ऑल-इन-वन मॉडल पेपर्स बुक लॉन्च की है।

डॉ. गहलोत ने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि आरबीएसई द्वारा निर्धारित एवं नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित इस एक बुक में 6 महत्त्वपूर्ण विषयों का सारगर्भित समावेश किया गया है जिसके अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान व संस्कृत विषय के 10-10 मॉडल पेपर्स उपलब्ध हैं।

इनमें से 5 मॉडल पेपर्स इस बुक में तथा 5 मॉडल पेपर्स उत्कर्ष एप में उपलब्ध करवाए गए हैं। इन मॉडल पेपर्स का वीडियो सॉल्यूशन भी उत्कर्ष एप में उपलब्ध करवाया गया है। विद्यार्थी इस पुस्तक को नाममात्र शुल्क में प्रमुख बुक स्टॉल के अतिरिक्त ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं।

# गैर कानूनी तरीके से खरीदी गई पिस्टल बरामद

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के पारोली थाना क्षेत्र के छापडेल गांव में व्यापारियों व ग्रामीणों में खौफ पैदा करने के काम ली गई पिस्टल को पुलिस ने बरामद कर ली। यह पिस्टल गिरफ्तार आरोपित लकवेंद्र सिंह उर्फ लक्की से बरामद की गई। आरोपित ने कबूल किया कि पिस्टल डेढ साल पहले उसने 50 हजार रुपये में भीलवाड़ा से खरीदी थी।

पुलिस के अनुसार बताया 15 सितम्बर 2022 को ग्राम पंचायत छापडेल सरंपच महेश्वर सिंह राजपुत व अन्य ग्राम वासियों , व्यापारियों द्वारा रिपोर्ट दी गई कि लक्की उर्फ लकवेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह राणावत, नाकेन्द्र सिंह उर्फ अमित पुत्र महेन्द्र सिंह राणावत निवासी छापडेल द्वारा बाइक पर कुल्हाडी, डंडा, देशी पिस्टल व तलवारे दिखाकर आमजन व व्यापारियों में खोफ पैदा करते चले आ रहे है। व्यापारियौं से अवैध वसुली की मांग करते हैं, नही देने पर मारपीट करते डराते धमकाते है।

आज भी बस स्टेण्ड छापडेल पर बाइक पर कुल्हाडी व डंडा बांधकर आया मारपीट करने के आरोप लगाये। पुलिस ने मामला दर्ज कर टीम का गठन किया। उधर, इस घटना के बाद से आरोपित फरार चल रहे थे। 15 नवंबर 2022 को पुन: उक्त घटना कारित कर गांव में दहशत जैसा माहोल पैदा किया। ऐसे में इन्हें शीघ्र गिरफ्तार करना पुलिस के लिये चुनौतीपूर्ण कार्य था।

- आरोपी ने कबूल किया की उसने 50 हजार में भीलवाड़ा से खरीदी थी पिस्टल

परिवादी ग्राम पंचायत का सरपंच होने से आमजन मे आक्रोश व गांव में भय व्याप्त होने से इस घटना का विरोध किया जा रहा था। जिस पर घटना की गम्भीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू के निर्देशानुसार पुलिस उपअधीक्षक वृत कोटडी पवन कुमार भदोरीया के नेतृत्व में आरोपीयान की तलाश शुरु की गई।

टीम ने 15 दिसंबर 2022 को लकवेन्द्र उर्फ लक्की (24) व नागेन्द्र सिंह उर्फ अमित पुत्र महेन्द्र सिंह राजपुत निवासी छापडेल को गिरफ्तार किया। पुलिस रिमाण्ड पर लिया। इस बीच आरोपितों से पूछताछ कर पुलिस ने लकवेन्द्र सिंह उर्फ लक्की से एक देशी पिस्टल बरामद की गई। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थाना प्रभारी ओमप्रकाश, एएसआई मदन लाल, कांस्टेबल देवनारायण, लोकेंद्र सिंह, जाकर खान, शिवराज, संजय कुमार, संदीप कुमार, नारायण कांस्टेबल शामिल थे।

## गैंगरेप के आरोपी पार्षद व पूर्व पार्षद की पहचान हुई

**धौलपुर, (निस)।** धौलपुर शहर के निहालगंज थाना इलाके में 30 साल की महिला से सामूहिक बलात्कार के मामले में आरोपी पार्षद व पूर्व पार्षद की पहचान स्पष्ट हो गई है, जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने दो टीमों का गठन कर दिया है। वहीं तीसरे आरोपी की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है। अब तक की पड़ताल में सामने आया है कि महिला के साथ दुष्कर्म करने वाला एक आरोपी भाजपा एससी मोर्चा का जिला अध्यक्ष व पार्षद विक्रम सिसोदिया है। वही दूसरा आरोपी पूर्व पार्षद बॉबी जादौन है। वहीं तीसरे की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है, हालांकि तीसरे आरोपी को भी पार्षद ही बताया जा रहा है।

आपको बता दें कि ग्वालियर की रहने वाली 30 साल की महिला ने शहर के 3 लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का आपराधिक मुकदमा महिला थाना धौलपुर में दर्ज कराया था। जिसमें विक्रम व बॉबी सहित 1 अन्य द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने की बात कही गई थी। जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि यह विक्रम और बॉबी वही हैं जो पार्षद और पूर्व पार्षद हैं। लेकिन प्राथमिक पड़ताल के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि दुष्कर्म करने वाले विक्रम और बॉबी वहीं है जो पार्षद और पूर्व पार्षद हैं। पुलिस तीसरे आरोपी की पहचान करने के प्रयास में भी जुटी हुई है। पीड़ित महिला को तीनों आरोपियों ने चेक देने के बहाने ग्वालियर से धौलपुर बुलाया था।

# राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (10 गोल) टूर्नामेंट

## पहला मैच रजनीगंधा अचीवर्स ने जीता

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, पाबूपुरा में चल रहे 23वें जोधपुर पोलो सीजन में बुधवार को राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (10 गोल) टूर्नामेंट के तहत खेले गये दो मैचों में पहला मैच दोपहर 2.30 बजे रजनीगंधा अचीवर्स व पेटीन टीम के बीच खेला गया जिसमें अचीवर्स ने डेढ गोल की शुरुआती बढत के साथ खेल रही पेटीन टीम को साढे आठ के मुकाबले दस गोल कर डेढ गोल के अन्तर से हराया।

अचीवर्स टीम के क्रिस मैकेंजी व पेटीन टीम के सैय्यद बशीर अली ने छह-छह गोल कर मैच को अन्तिम चक्कर तक रोमांचक बनाए रखा। दूसरा मैच दोपहर 3.30 बजे खेला गया जिसमें सुजान इण्डियन टाइगर्स टीम ने जोधपुर कारिसिल को सात के मुकाबले आठ गोल कर एक गोल के अन्तर से हराया। इस मैच में जोधपुर टीम के धु वपाल गोदारा ने सबसे ज्यादा चार गोल किए परन्तु वे अपनी टीम को आज जीत दिलाने में नाकाम रहे। मैच के दौरान जोधपुर पोलो के संरक्षक पूर्व शासक गजसिंह मैदान में उपस्थित थे।



गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, पाबूपुरा में मैच के दौरान शॉट लगाते खिलाड़ी।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर सचिव जंगजीत सिंह ने बताया कि पहले मैच में रजनीगंधा अचीवर्स की ओर से खेलते हुए टीम के छह हैण्डीकेप के साऊथ अफ्रीका के क्रिस मैकेंजी ने पहले व दूसरे चक्कर में दो-दो गोल व तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल किया। चार हैण्डीकेप के साथी खिलाडी सैय्यद शमशेर अली ने दूसरे चक्कर में दो व तीसरे चक्कर में एक गोल किया, जबकि मुकेश सिंह ने तीसरे चक्कर में एक गोल किया। मुकाबले में पेटीन टीम की ओर से तीन हैण्डीकेप खिलाडी सैय्यद बशीर अली ने पहले, दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल व चौथे चक्कर में लगातार तीन गोल किए। बशीर के अलावा अजेर्न्टीना के तीन हैण्डीकेप के खिलाडी गोंजालो येंजोन ने तीसरे चक्कर में एक गोल किया।

उन्होंने बताया कि दोपहर 3.30 बजे खेले गये मैच में सुजान इण्डियन टाइगर्स की ओर से खेलते हुए टीम के चार हैण्डीकेप के खिलाडी एच.एच. महाराजा पद्मनाभसिंह जयपुर ने पहले चक्कर में एक गोल व तीसरे चक्कर में दो गोल किए। चार हैण्डीकेप के खिलाडी सिद्धांत शर्मा ने दूसरे, तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल किया तथा टीम के पैट्र्न जैसलसिंह ने दूसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

मुकाबले में जोधपुर कारिसिल की ओर से खेलते हुए टीम के तीन हैण्डीकेप के खिलाडी धु वपाल गोदारा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रत्येक चक्कर में एक-एक, कुल चार गोल किए। साथी खिलाडी तीन हैण्डीकेप के ही कुलदीपसिंह ने चौथे चक्कर में दो गोल व रंशय पुरोहित ने दूसरे चक्कर में एक गोल किया। दोनों ही मैचों के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्क्रोटीचीनी व इंग्लैण्ड के निक पेपर थे, पहले मैच के रैफरी अर्जेन्टीना के सिल्वेस्टर डोनावन व दूसरे मैच के लांस वाटसन थे। दोनों मैचों की कॉमेंट्री राजवी शैलेन्द्रसिंह व अंकुर मिश्रा ने सम्मिलित रूप से की।



हमने देखा है कि जब डेविड खराब दौर से गुजर रहा होता है तो वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब रहता है। -स्टीव स्मिथ

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, डेविड वॉर्नर को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**ब्रैंडन मैकुलम**

इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद को अगर इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में चुना जाता है तो या शानदार होगा। अट्ठारह वर्षीय अहमद अपने टेस्ट पदार्पण पर पारी में पांच विकेट लेने वाले सबसे युवा गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन 48 रन देकर पांच विकेट लिए थे। अहमद ने भी शुक्रवार को कोच्चि में होने वाली आईपीएल नीलामी के लिए खुद को पंजीकृत कराया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

## आईसीसी सीओ चाहते है कि टेस्ट खेलने वाले अधिक देश पाक का दौरा करें

कराची, 21 दिसंबर। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम के तीन मैचों के सफल दौरे से उत्साहित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सीईओ ज्योफ एलार्डिस चाहते हैं कि पाकिस्तान में और अधिक टेस्ट मैच खेले जाएं। इंग्लैंड ने रावलपिंडी, मुल्तान और कराची में टेस्ट मैच खेले जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक भी पहुंचे। इंग्लैंड ने इन तीनों मैचों में जीत दर्ज करके श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने भी इस साल के शुरू में पाकिस्तान का दौरा किया। स्टेडियमों में बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने से खेल के सबसे लंबे प्रारूप में पाकिस्तानी लोगों की दिलचस्पी का पता चलता है। एलार्डिस ने कहा,'' पाकिस्तान के प्रशंसक इस खेल को लेकर और अपनी टीम के प्रति जुनूनी है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे मेहमानों का स्वागत कर रहे हैं।'' पाकिस्तान अब दो टेस्ट मैचों के लिए मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। इस श्रृंखला का पहला मैच 26 दिसंबर से कराची में खेला जाएगा। एलार्डिस को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों के दौरों के बाद आगे पाकिस्तान में टेस्ट क्रिकेट फलता फूलता रहेगा।

## नाडा के 2023 के पंजीकृत परीक्षण पूल में 149 खिलाड़ी

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने बुधवार घोषणा की कि आगामी साल के लिए उसके पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में 24 खेलों के 149 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल खिलाड़ियों की संख्या में 2022 की तुलना में इजाफा हुआ है। नाडा की 2023 की आरटीपी सूची में सात दिव्यांग खिलाड़ी भी शामिल हैं और इनमें नाम एक जनवरी से एजेंसी की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। पीआईबी की बुधवार को जारी विज्ञिप्त के अनुसार, ''89 पुरुष और 60 महिला खिलाड़ियों सहित कुल 149 खिलाड़ियों के साथ नाडा की 2023 की आरटीपी सूची उच्च प्राथमिकता वाले खेलों में समग्र जोखिम आकलन पर आधारित है और इसमें 24 खेलों के खिलाड़ी शामिल हैं। इस सूची में सात दिव्यांग खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।'' इसमें कहा गया, ''आरटीपी सूची में शामिल करने का नोटिस सभी संबंधित खिलाड़ियों को दे दिया गया है और इसकी एक प्रति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों को भी दी गई है। आरटीपी सूची में शामिल सभी खिलाड़ियों को प्रत्येक तीन महीने में अपने रहने के स्थान संबंधी जानकारी देनी होती है जिसमें रात को रुकने के स्थल का पता, गतिविधि कार्यक्रम, प्रतियोगिता कार्यक्रम और स्थल शामिल है। इसके अलावा प्रत्येक दिन 60 मिनट के समय की जानकारी भी देनी होती है जब वे परीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## कार्तिकेय के फिरकी के जादू से मध्य प्रदेश की आसान जीत

इंदौर, 21 दिसंबर। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहली बार मैच में 10 विकेट चटकाए जिससे गत चैंपियन मध्य प्रदेश ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में चंडीगढ़ को पारी और 125 रन से रौंद दिया। पिछले सत्र में 32 विकेट के साथ शम्स मुलानी के बाद दूसरे सबसे सफल गेंदबाज रहे कार्तिकेय ने उसी फॉर्म को जारी रखते हुए मैच में 64 रन देकर 10 विकेट चटकाए जिससे मध्य प्रदेश ने दूसरे दिन चंडीगढ़ को दो बार 57 और 127 रन के स्कोर पर ढेर किया। बोनस अंक के साथ लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद मध्य प्रदेश की टीम ग्रुप डी में 14 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। टीम ने अपने पहले मैच में जम्मू-कश्मीर को भी पारी और 17 रन से हराया था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 289 रन से की और उसकी पारी 309 रन पर सिमट गई। चंडीगढ़ के लिए संदीप शर्मा ने 93 रन देकर तीन जबकि हरतेजस्वी कपूर ने 64 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में सिर्फ 24 ओवर में सिमट गई। सलामी बल्लेबाज अर्सलान खान 58 गेंद में 34 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। कार्तिकेया ने 20 रन देकर छह विकेट चटकाए।

## केरल के 8 विकेट पर 268 रन

जयपुर, 21 दिसंबर। सचिन बेबी (नाबाद 109) के शतक और कप्तान संजू सैम्सन के अर्द्धशतक की मदद से केरल ने रणजी ट्रॉफी में मेजबान राजस्थान के लिए दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 8 विकेट पर 268 रन बना लिये है। केरल पहली पारी के अभी मेजबान टीम से 69 रन पीछे है। राजस्थान के लिए अनिकेत चौधरी और मानव सुथार ने तीन-तीन विकेट लिये। मेजबान टीम ने आज कल के पांच विकेट पर 310 रन से आगे खेलना शुरू किया और पूरी टीम 337 रन पर आउट हो गई।

# डब्ल्यूटीसी में स्थिति सुधारने के लिए बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

### बांग्लादेश से दूसरा टेस्ट मैच आज से

मीरपुर, 21 दिसंबर। पहले टेस्ट मैच में शानदार जीत से उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में अपनी स्थिति सुधारने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा।

इस मैच में कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल पर भी सभी की नजरें रहेंगी क्योंकि वह पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। डब्ल्यूटीसी तालिका में दो शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए होड़ बढ़ गई है। भारत 55.77 के प्रतिशत अंक (पीसीटी) के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की गाबा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार के कारण भारत को फायदा हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका का पीसीटी 54.55 है जबकि ऑस्ट्रेलिया 76.92 पीसीटी के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली आगामी घरेलू श्रृंखला भारत के लिए डब्ल्यूटीसी तालिका में चोटी के दो स्थानों पर बने रहने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी लेकिन वह बांग्लादेश के खिलाफ भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता जिसने पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में सस्ते पर आउट होने के बाद जुझारूपन दिखाया। नियमित कप्तान रोहित शर्मा अभी अंगूठे की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और ऐसे में भारतीय एकादश में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है।

पहले टेस्ट मैच में शुभमन गिल और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों को सुनहरा मौका मिला था और उन्होंने इसका पूरा फायदा भी उठाया। यदि रोहित मैच के लिए फिट भी हो जाते तब भी गिल को बाहर करना मुश्किल था क्योंकि उन्होंने चटगांव में अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया था। लेकिन रोहित फिट नहीं है और ऐसे में गिल एक और मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। राहुल भी पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में असफल रहने के बाद आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहेंगे। चटगांव की तरह ही यहां भी पिच के धीमी रहने की संभावना है जो कि बल्लेबाजों के लिए आदर्श स्थिति होगी। ऐसे में राहुल के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व फॉर्म में लौटने का यह शानदार मंच होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच से वापसी करने वाले अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने पहले टेस्ट मैच में 90 और नाबाद 102 रन की पारी खेलकर तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत की है। पुजारा ने दूसरी पारी में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपने आलोचकों को भी करारा जवाब दिया। विराट कोहली के लिए भी नवंबर 2019 के बाद पहला टेस्ट शतक लगाने के लिए यह आदर्श मंच होगा। भारत ने दूसरी पारी में चार रन प्रति ओवर से भी अधिक की दर से रन बनाए थे और यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम अपने इसी सकारात्मक रवैए के साथ उतरती है या नहीं।

परिस्थितियों को देखते हुए गेंदबाज एक बार फिर से विकेट को लक्ष्य करके गेंदबाजी करना चाहेंगे फिर चाहे वह तेज गेंदबाज हों या स्पिनर। पिछले साल फरवरी के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे कुलदीप ने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और आठ विकेट लिये। उन्होंने दूसरी पारी में आर अश्विन और अक्षर पटेल से कम गेंदबाजी की लेकिन इसके बावजूद वह तीन विकेट लेने में सफल रहे।

अश्विन स्पिनरों की मददगार पिच पर केवल एक विकेट ही ले पाए थे और वह उसकी भरपाई यहां करने के लिए बेताब होंगे। अक्षर ने दूसरी पारी में चार विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित की। बांग्लादेश ने जिस तरह से चौथे दिन बल्लेबाजी की उससे वह प्रेरणा लेना चाहेगा। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन ने शतक जड़कर दिखाया कि वह इस स्तर पर खेलने के लिए तैयार हैं। सीनियर बल्लेबाज लिटन दास और मुशफिकुर रहीम अपनी गलतियों से सबक लेकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे।

### दूसरे टेस्ट से बाहर रह सकते है राहुल

ढाका, 21 दिसंबर। भारत के कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल हाथ में चोट लगने के कारण बंगलादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल की चोट गंभीर नहीं है, हालांकि उनके खेलने पर संदेह है। राठौड़ ने कहा, ''चोट गंभीर नहीं लग रही। वह ठीक दिख रहे हैं। डॉक्टर चोट को देख रहे हैं, लेकिन उम्मीद है कि वह ठीक होंगे।'' उल्लेखनीय है कि अंगूठे में चोट लगने के बाद रोहित शर्मा बंगलादेश टेस्ट सीरीज में शामिल नहीं हो सके, जिसके बाद राहुल को कप्तानी सौंपी गयी थी। अगर राहुल गुरुवार को शुरू होने वाले मैच में हिस्सा नहीं लेते हैं तो उपकप्तान चेतेश्वर पुजारा टीम की कमान संभालेंगे। राहुल का गैर-मौजूदगी में सलामी बल्लेबाज अभिमन्यू ईश्वरन भी भारत के लिये पदार्पण कर सकते हैं। राष्ट्रीय टीम में अभिमन्यु का चयन भारत-ए में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। उन्होंने भारत-ए की कप्तानी करते हुए बंगलादेश-ए के विरुद्ध दो अनाधिकारिक टेस्ट मैचों में दो शतक बनाये, जबकि इससे पहले उन्होंने विजय हज़ारे ट्रॉफी में बंगाल के लिये भी शतक जड़ा था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट अच्छा अभ्यास : राठौड़

मीरपुर, 21 दिसंबर। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को लगता है कि बांग्लादेश के खिलाफ चल रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला घरेलू सरजमीं पर इसी तरह की 'टर्निंग पिचों' पर आस्ट्रेलिया से होने वाली सीरीज से पहले भारतीय बल्लेबाजों की तैयारी के लिये बिलकुल 'परफेक्ट' है। बांये हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए शानदार वापसी की जिससे भारत ने चटगांव में मुश्किल पिच पर बांग्लादेश को 188 रन से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर चल रही भारतीय टीम शीर्ष पर चल रही आस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने से पहले बांग्लादेश में क्लीन स्वीप करना चाहेगी।

राठौड़ ने दूसरे और अंतिम टेस्ट की पूर्व संध्या पर यहां कहा, ''उप महाद्वीप में आप विकेट के टर्न लेने की उम्मीद करते हो और इसके बाद हम आस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण श्रृंखला खेलेंगे जिसमें भी विकेट के टर्न लेने की उम्मीद है।''

उन्होंने कहा, ''इसलिये हमारे लिये यह अच्छा अभ्यास है। यह भारतीय बल्लेबाजों के लिये अच्छी तैयारी होगी। हम तकनीकी रूप से किसी भी चीज पर चर्चा नहीं कर रहे हैं लेकिन अच्छा क्रिकेट खेलने के लिये तैयार हैं। चटगांव टेस्ट में युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने लंबे प्रारूप में अपना पहला शतक जड़ा जबकि तीसरे नंबर के भरोसेमंद बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भी दूसरी पारी में 130 गेंद में नाबाद 102 रन की पारी खेलकर लंबे समय से शतक के इंतजार को खत्म किया। जनवरी 2019 में सिडनी टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 193 रन की पारी के बाद यह उनका पहला सैकड़ा था। करीब चार साल बाद उन्होंने अपना 19वां शतक जमाया।

राठौड़ ने कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल और विराट कोहली के साथ लंबी बातचीत की और उन्हें शीर्ष दो बल्लेबाजों से भी बड़ी पारी खेलने की उम्मीद है। राहुल 22 और 23 रन ही बना सके। राहुल से हुई चर्चा के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, ''मैं उन चर्चाओं में नहीं जाना चाहूंगा, ये चर्चायें होती रहती हैं, वह कुछ चीजें करना चाह रहा था और इसके बारे में चिंता की कोई बात नहीं है। वह कुछ चीजें आजमा रहा था।''

उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि दोनों रन जुटायें। इस मैच में दोनों से बड़ी पारियों की उम्मीद लगाये हैं। कोहली ने हाल में अपने अंतरराष्ट्रीय शतक का लंबा इंतजार खत्म किया, पहले अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में और फिर बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में। कोहली से अब एक टेस्ट शतक का इंतजार है जो उन्होंने पिछली बार 2019 में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में इसी बांग्लादेश टीम के खिलाफ बनाया था। राहुल के अंगूठे में 'थ्रोडाउन' से गेंद लग गयी थी लेकिन बल्लेबाजी कोच ने कहा कि वह ठीक लग रहा है।

## न्यूज़ीलैंड टेस्ट के लिये हसन की पाक टीम में वापसी

कराची, 21 दिसंबर। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो मैचों की घरेलू टेस्ट शृंखला के लिये मध्यक्रम के बल्लेबाज कामरान गुलाम और तेज गेंदबाज हसन अली को टीम में शामिल किया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को जारी विज्ञिप्त में कहा कि शाहीन शाह अफरीदी टी20 विश्व कप 2022 के दौरान लगी घुटने की चोट के कारण टीम से बाहर रहेंगे। कंधे की चोट के कारण इंग्लैंड टेस्ट शृंखला के अंतिम दो मैचों से बाहर रहने वाले नसीम शाह ने फिट होने के बाद स्क्वाड में वापसी की है। नसीम के साथ चोटग्रस्त होने वाले हारिस रऊफ अभी पूरी तरह फिट न होने के कारण टीम से बाहर ही रहेंगे।

खैबर पख्तूनख्वा के 27 वर्षीय बल्लेबाज गुलाम इस सीरीज में पाकिस्तान के लिये पदार्पण कर सकते हैं। उन्हें एक साल पहले बंगलादेश टेस्ट सीरीज के लिये भी स्क्वाड में शामिल किया गया था लेकिन तब वह एकादश में जगह नहीं बना सके। गुलाम ने 44 प्रथम-श्रेणी मैच खेलकर 47.36 की औसत से 3268 रन बनाये हैं, जिसमें 10 शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं। दूसरी ओर, हसन पांच महीने बाद पाकिसत्तान टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि उन्होंने अपना पिछला टेस्ट जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में खेलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद अली और हरफनमौला फहीम अशरफ को इस शृंखला के लिये टीम से बाहर रखा गया है। पीसीबी ने बयान में कहा कि दोनों खिलाड़ियों को घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट पाकिस्तान कप में हिस्सा लेने की सलाह दी गयी है।


पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 26 दिसंबर से कराची में शुरू होगी, जबकि शृंखला का दूसरा मैच तीन जनवरी से मुल्तान में खेला जायेगा। न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के लिये पाकिस्तान टीम : बाबर आजम (कप्तान), अब्दुल्लाह शफीक, अबरार अहमद, आगा सलमान, हसन अली, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, नसीम शाह, नौमान अली, सरफराज अहमद, सऊद शकील, शान मसूद और जाहिद महमूद।

## डॉनल्ड ने सचिन से की कोहली की तुलना

ढाका, 21 दिसंबर। बंगलादेश के कोच ऐलन डॉनल्ड ने विराट कोहली की तुलना सचिन तेंदुलकर से करते हुए बुधवार को कहा कि कोहली के खिलाफ सटीक गेंदबाजी करना उनकी पहली प्राथमिकता है। डॉनल्ड ने दूसरे टेस्ट से पहले यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, वे (केएल राहुल और कोहली) बहुमूल्य विकेट हैं। यह वैसा है जैसे (सचिन) तेंदुलकर क्रीज पर आते हैं। आप जानते हैं कि उनके खिलाफ सही गेंदबाजी करना सबसे पहली प्राथमिकता है। जब कोहली रंग में हों और आप उनके खिलाफ मौका गंवा दें तो आपको भुगतना पड़ता है। ऐसे खिलाड़ी आपको बार बार मौके नहीं देते। डॉनल्ड ने कहा, मेरे अनुसार हमने कोहली और राहुल के खिलाफ काफी अच्छी गेंदबाजी की। यह लारा के खिलाफ गेंदबाजी करने जैसा है। मैदान पर सहसा ही पारा बढ़ जाता है। मैं जानता हूं कि विराट इस सीरीज को एक शतक के साथ खत्म करना चाहते हैं लेकिन मुझे लगता है कि हमने उनके खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की है और उम्मीद है कि कल हम इसे जारी रख सकेंगे।

भारत और बंगलादेश गुरुवार से दूसरे टेस्ट मैच में आमने-सामने होंगे। पहले टेस्ट में कोहली और राहुल बड़े रन नहीं बना सके, लेकिन बंगलादेशी गेंदबाजों के विस्मरणीय प्रदर्शन के कारण चेतेश्वर पुजारा (90, 102 नाबाद), शुभमन गिल (110) और श्रेयस अय्यर (86) बड़ी पारियां खेलने में कामयाब रहे थे। डॉनल्ड ने कहा कि वह अपने गेंदबाजों से आक्रामक प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं, जिसके लिये उन्होंने कई बार इंग्लैंड के उदाहरण का भी इस्तेमाल किया है। डॉनल्ड ने कहा, मैंने हमेशा पाकिस्तान में इंग्लैंड के गेंदबाजों के प्रदर्शन की मिसाल पेश की है। वह किस तरह अपने आप को मैच में लेकर आते हैं। तीन स्पिनरों के बावजूद, आपके पास एक तेज़ गेंदबाज के रूप में थोड़ा अधिक विस्तृत होने के की आजादी होती है। आप लंबे समय तक शॉर्ट और फुल गेंदबाजी कर सकते हैं।

# रमीज राजा की छुट्टी, नजम सेठी होंगे पीसीबी अध्यक्ष



इस्लामाबाद, 21 दिसंबर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने पूर्व पत्रकार नजम सेठी को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का नया चेयरमैन नियुक्त करने और रमीज़ राजा को हटाने की मंजूरी दे दी है। 'जियो न्यूज़' ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

जियो न्यूज़ ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय इस नियुक्ति से जुड़ी चार अधिसूचनाएं जारी करेगा। पहली अधिसूचना 2019 के पीसीबी संविधान को समाप्त करने से संबंधित होगी।दूसरी अधिसूचना 2019 के संविधान के तहत अध्यक्ष पद के लिये मनोनीत दो नामों की समाप्ति की सूचना देगा। तीसरी अधिसूचना 2014 के संविधान को बहाल करने की घोषणा करेगी, जबकि चौथी अधिसूचना बोर्ड को चलाने के लिये स्थापित ''सेट अप'' से संबंधित होगी।

राजा को चेयरमैन पद से हटाने की खबरें पहले भी उठी थीं, हालांकि उन्होंने इन बातों को नकारते हुए कहा था कि वह ''कहीं नहीं जा रहे हैं।'' राजा को पद से हटाए जाने की खबरें बाहर आने पर उन्होंने पीसीबी के कर्मचारियों को यह बताने के लिए बुलाया था कि उन्हें काम जारी रखने के लिये सरकार से ''हरी झंडी'' मिल गई है। राजा ने पीसीबी के कर्मचारियों से कहा था, ''मुझसे कहा गया है कि मैं पीसीबी चेयरमैन के तौर पर काम करता रहूं।'' गौरतलब है कि इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार के दौरान 13 सितंबर, 2021 को राजा निर्विरोध रूप से पीसीबी अध्यक्ष चुने गये थे। एहसान मणि का तीन वर्षीय कार्यकाल पूरा होने के बाद पीसीबी का शीर्ष पद खाली हो गया था।

## अक्षर ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की

दुबई, 21 दिसंबर। भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी की मदद से अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी टेस्ट रैंकिंग हासिल कर ली है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार अक्षर 10 पायदान चढ़कर 655 रेटिंग पॉइंट के साथ 18वें नंबर पर आ गये हैं। यह अक्षर के करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग व रैंकिंग है, जबकि वह शीर्ष 20 में भी पहली बार आये हैं।

अक्षर के साथी कुलदीप यादव ने भी पहले टेस्ट में मैच जिताऊ प्रदर्शन के दम पर गेंदबाजों की रैंकिंग में 49वां स्थान हासिल कर लिया। कुलदीप ने पहली पारी में बल्ले से 40 रन का योगदान देने के बाद मैच में कुल आठ विकेट लिये थे, जबकि अक्षर ने कुल पांच विकेट लेकर भारत की 188 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

# पीसीबी ने आईसीसी को आश्वत किया, भारत में विश्व कप के बहिष्कार का कोई फैसला नहीं : सूत्र

कराची, 21 दिसंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी अधिकारियों को बताया है कि उसने अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से बहिष्कार की धमकी इस पड़ोसी देश को एशिया कप के लिये अपनी टीम भेजने का दबाव बनाने के लिये दी थी। इसकी जानकारी सूत्रों ने दी है। एशियाई क्रिकेट परिषद ने 50 ओवर के एशिया कप के 2023 चरण की मेजबानी के अधिकार पाकिस्तान को दिये हैं जो भारत में अक्टूबर-नवंबर 2023 में होने वाले विश्व कप से पहले होगा।

अक्टूबर में एसीसी अध्यक्ष और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सचिव जय शाह ने कहा था कि भारत अगले साल 50 ओवर के एशिया कप के लिये यात्रा नहीं करेगा जिसके सितंबर में आयोजित होने की संभावना है। पर इसके बाद पीसीबी ने विश्व कप से हटने की धमकी दी थी।

लेकिन पता चला है कि पीसीबी चेयरमैन रमीज राजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अधिकारियों को बताया है कि बोर्ड ने भारत में 50 ओवर के विश्व कप के लिये अपनी टीम नहीं भेजने संबंधित कोई फैसला नहीं किया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ अलार्डिस सहित आईसीसी अधिकारी इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला देखने के लिये मेहमान के तौर पर पाकिस्तान में थे। इसकी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, ''रमीज ने आईसीसी अधिकारियों को आश्वस्त किया कि पीसीबी ने विश्व कप के लिये अपनी टीम भारत नहीं भेजने संबंधित कोई फैसला नहीं किया है और ना ही वह इतने बड़े टूर्नामेंट के बहिष्कार के पक्ष में है लेकिन दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते पीसीबी ने भारतीय बोर्ड पर एशिया कप के लिये अपनी टीम भेजने का दबाव बनाया था।

सूत्र ने कहा कि आईसीसी अधिकारियों ने रमीज को उनके बयान के संबंध में अपनी चिंतायें भी जाहिर की कि अगर भारतीय टीम एशिया कप में हिस्सा नहीं लेगी तो पाकिस्तान भी अगले साल भारत में विश्व कप में नहीं खेलेगा। सूत्र के अनुसार रमीज ने आईसीसी अधिकारियों को यह भी कहा कि भारत के पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर पाने के कारण पीसीबी देश से 2025 चैम्पियंस ट्राफी हटाये जाने को भी स्वीकार नहीं करेगा। सूत्र ने कहा, ''रमीज ने आईसीसी अधिकारियों को यह भी याद दिलाया कि कार्यकारी बोर्ड (जिसमें भारत भी शामिल है) ने चैम्पियंस ट्राफी की मेजबानी का अधिकार पाकिस्तान को दिया था इसलिये टूर्नामेंट के कार्यक्रम को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

## भारत में पैरीस ओलंपिक प्रसारित करेगा वायाकॉम 18

लुसाने, 21 दिसंबर। भारतीय प्रसारक वायाकॉम18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (वायाकॉम18) ने बंगलादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका में पेरिस ओलंपिक खेल 2024 के प्रसारण के लिये विशेष मीडिया अधिकार हासिल कर लिये हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बुधवार को इसकी घोषणा की। आईओसी ने बताया कि वायाकॉम18 ने शीतकालीन युवा ओलंपिक खेल गैंगवोन 2024 के गैर-अनन्य प्रसारण अधिकार भी हासिल किये हैं। कि वायाकॉम18 इस समझौते के तहत टेलिविजन के अलावा अन्य मंचों पर भी खेलों का मुफ्त प्रसारण करेगा। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाच ने कहा, भारत और उपमहाद्वीप के प्रशंसक वायकॉम18 के साथ इस साझेदारी के जरिये ओलंपिक खेलों का जादू देख सकेंगे। यह नया मीडिया अधिकार समझौता हमें इन देशों के प्रशंसकों और युवाओं को ओलंपिक खेलों और ओलंपिक मूल्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने में मदद करेगा।''

# अमेरिका के कोच का पद छोड़ सकते है चंद्रपॉल

कैलिफोर्निया, 21 दिसंबर। वेस्ट इंडीज के दिग्गज क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपॉल अंडर-19 महिला विश्व कप 2023 के बाद अमेरिकी महिला टीमों के मुख्य कोच का पद छोड़ सकते हैं। अमेरिका क्रिकेट के सूत्रों ने बताया है कि चंद्रपॉल बोर्ड की वर्तमान स्थिति और पेशेवराना अंदाज की कमी से नाखुश हैं, हालांकि चंद्रपॉल ने फिलहाल खुद कोई बयान जारी नहीं किया है।

अमेरिका क्रिकेट के एक सूत्र ने कहा, यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि चंद्रपॉल ने अंडर-19 विश्व कप के बाद मुख्य कोच की भूमिका से अलग होने का इरादा किया है। एक खिलाड़ी के रूप में उनका अनुभव और एक कोच के रूप में उनकी विशेषज्ञता का बहुत महत्व है, और इसने अमेरिकी महिला टीम के कोच के रूप में उनके शुरुआती कार्यकाल में परिणाम दिखाना शुरू कर दिया था।''

उन्होंने कहा, ''अमेरिका क्रिकेट का शासी निकाय 2018 के दौरान स्थापना के बाद से कुछ नुकसानों से स्थिर होने की कोशिश कर रहा है। कई कोच, प्रशासक और चुनिंदा स्वतंत्र निदेशक चले गये हैं और इस मोड़ पर शिवनारायण को खोना अमेरिक क्रिकेट के लिये एक बड़ा नुकसान है, इसमें कोई संदेह नहीं।'' अमेरिका क्रिकेट के बहु-विषयक कोच जतिन पटेल और चंद्रपॉल अटलांटा क्रिकेट लीग (एसीएल) के वार्षिक आयोजन में भाग ले रहे थे, जहां पटेल ने बताया कि चंद्रपॉल अपने कोचिंग कॉन्ट्रैक्ट को समाप्त कर सकते हैं।

पटेल ने अमेरिका क्रिकेट के भविष्य पर बातचीत के दौरान कहा, ''पहले से ही कई प्रसिद्ध कोच नये बोर्ड के आने के बाद से राष्ट्रीय टीम से अलग हो गये हैं। मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 विश्व कप के बाद शिवनारायण अपने अनुबंध को नवीनीकृत करेंगे। मैंने शिवनारायण चंद्रपॉल के प्रबंधक जेरिन चाको से बात की और उन्होंने पुष्टि की है कि वह महिला अंडर-19 विश्व कप के बाद चंद्रपॉल के अनुबंध को बढ़ाने या नवीनीकृत करने पर विचार नहीं करेंगे।''

उल्लेखनीय है कि चंद्रपॉल अमेरिका की महिला टीम और अंडर-19 महिला टीम के कोच हैं। साल 2022 चंद्रपॉल के लिये बतौर कोच सबसे अच्छे वर्षों में से एक रहा है। जुलाई 2022 में उन्होंने कैरिबियन में अमेरिका अंडर-19 महिला टीम को खिताब तक पहुंचाया।

## मुक्केबाज सुविधा भगत और राधा पाटिदार प्री-क्वार्टरफाइनल में

भोपाल, 21 दिसंबर। पंजाब की मुक्केबाज सुविधा भगत और मध्यप्रदेश की राधा पाटिदार ने बुधवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सुविधा ने 48 किग्रा वजन वर्ग में झारखंड की चंदू को 5-0 से शिकस्त दी जबकि स्थानीय मुक्केबाज राधा ने 52 किग्रा में हिमाचल प्रदेश की रितु को इसी अंतर से आसानी से पराजित किया। पंजाब की कोमल (50 किग्रा) भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ की पी तनुजा को आरएससी से शिकस्त दी।

मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन गुरूवार को रिंग में उतरेंगी जिसमें वह 50 किग्रा प्री क्वार्टरफाइनल में मेघालय की इवा मारबानियांग के सामने होंगी। असम का प्रतिनिधित्व कर रही तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) शुक्रवार को राउंड 16 में ओड़िशा की पूजा नायक से भिड़ेंगी।

# रेलवे और पंजाब के बीच मैच 'खतरनाक और अनफिट' पिच के कारण निलंबित

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। रेलवे और पंजाब के बीच करनैल सिंह स्टेडियम में चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच को मैच अधिकारियों द्वारा पिच के 'खेलने के लिए खतरनाक और अनफिट' माने जाने के बाद निलंबित कर दिया गया। मैच अधिकारियों ने फैसला किया है कि अब गुरुवार से दो दिवसीय मैच नई पिच पर होगा।

मैच अधिकारियों ने जब मुकाबले को रोकने का फैसला किया तब तक सिर्फ 103 ओवर में 24 विकेट गिर चुके थे जिसमें से 20 तेज गेंदबाजों के खाते में गए। इस समय पंजाब ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 18 रन बनाए थे। टीम ने पहली पारी में रेलवे पर 12 रन की बढ़त हासिल की थी।

पंजाब के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पीटीआई से कहा, ''मैंने रणजी ट्रॉफी में इससे पहले कभी इस तरह का विकेट नहीं देखा। पिच से गेंद के उछाल का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता था जिसके कारण यह काफी असुरक्षित थी। हमें बताया गया है कि मैच नई पिच पर खेला जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''अंपायरों और मैच रैफरी ने आज के दिन का खेल रद्द करने और कल नई शुरुआत करने का सही फैसला किया है। खिलाड़ियों ने इस मैच की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत की थी इसलिए इस तरह की पिच देखकर निराश हैं।''

दूसरे सत्र में ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान यह फैसला किया गया जब मैदानी अंपायरों के मदनगोपाल और राजीव गोदारा ने मैच रैफरी योवराज सिंह के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की। पंजाब के कप्तान मनदीप सिंह और रेलवे के कप्तान कर्ण शर्मा के साथ भी बात की गई।

# वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा ग्रेड द्वितीय शांतिपूर्वक शुरु

**टोंक, (नि.स.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा ग्रेड द्वितीय का आयोजन बुधवार से जिला मुख्यालय पर शुरु हुआ और पहले दिन सामान्य ज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के अभ्यार्थियों ने शांतिपूर्वक परीक्षा दी। वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा ग्रेड द्वितीय 27 दिसम्बर तक आयोजित की जायेगी।

वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा ग्रेड द्वितीय को लेकर जिला मुख्यालय पर 35 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, इनमें

■ **पहले दिन सामान्य ज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के अभ्यार्थियों ने शांतिपूर्वक परीक्षा दी**

से 26 केन्द्र निजी व 9 परीक्षा केन्द्र सरकारी स्कूलों के शामिल है। जिस पर बुधवार को पहले दिन सामाजिक विज्ञान के 11 हजार 974 अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा शुरु हुई, परीक्षा को लेकर रात्रि को परीक्षार्थियों का आना शुरु हो गया और सामाजिक विज्ञान के परीक्षार्थियों ने पहली पारी में सुबह 9 से 11 बजे तक सामान्य ज्ञान की परीक्षा देने के लिए पहुंच गए, जिससे परीक्षा केन्द्रों पर भीड भाड नजर आई तो शहर के प्रमुख चौराहा व परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात रहा।

परीक्षा केन्द्र पर पहचान के लिए अभ्यार्थी को प्राथमिकता से अपना मूल आधार कार्ड एवं आधार कार्ड के नहीं होने की स्थिति में विशेष परिस्थितियों में ही अन्य मूल फोटो पहचान पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के आधार पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया और परीक्षार्थी राज्य व केंद्र सरकार की ओर से जारी कोरोना (कोविड-19) गाइड लाइन की पालना करते हुए मॉस्क लगाकर पहुंचे। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर गठित फ्लाइंग दल परीक्षा के दौरान निगरानी करते हुए नजर आएं। दूसरी पारी में एच्छिक विषयों की परीक्षा सामाजिक विज्ञान दोपहर बाद 2 से 4.30 बजे तक हुई, जिसमें परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्वक परीक्षा दी। परीक्षा शुरु होने से पहले व परीक्षा सम्पन्न के बाद सड़कों पर भीड़ रही और यातायात का शहर में दबाव रहा। पहली पारी में 9 हजार 558 उपस्थित रहे और 2 हजार 416 अनुस्थित रहे और दूसरी पारी में 9 हजार 522 उपस्थित रहे और 2 हजार 252 अनुपस्थित रहे।



वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा ग्रेड द्वितीय के पहले दिन परीक्षा सम्पन्न होने के बाद लगा जाम।

## संक्षिप्त

### बोराज में जैन प्रतिष्ठान बंद रहे

**बोराज, (निसं)।** जैन धर्म के तीर्थकरो व अनेकानेक संतों की मोक्षस्थली तीर्थराज सम्मेद शिखर को पर्यटक स्थल घोषित करने के विरोध में बुधवार को बोराज में सकल जैन समाज के लोगों ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान व दुकानें बंद रखी। व्यापारी पंकज कुमार जैन, चेतन कुमार, पारस व मुकेश जैन ने बताया कि 20 तीर्थकर एवं अनंत संतों की मोक्ष स्थली होने के कारण श्री सम्मेद शिखर का एक-एक कण प्रत्येक जैन के लिए पूजनीय एवं वंदनीय है ऐसे तीर्थ क्षेत्र को पर्यटक घोषित करने का विरोध करते हुए कस्बे मे जैन प्रतिष्ठान बंद रखें गये।

### प्रतियोगिताओं का आयोजन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में राजस्थान सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर निबंध प्रतियोगिता वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रभारी रामनारायण माली, हंसादेवी, शंकर लाल यादव द्वारा आयोजन किया गया जिसमें 262 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। संस्था प्रधान राजेश कुमार अंकुर ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार 23 दिसंबर को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के लिए इन बालक बालिकाओं का चयन हुआ।

### क्षत-विक्षत शव मिला

**सुरेर, (निसं)।** अलवर जिले के माचाड़ी राजगढ़ सड़क मार्ग के मध्य केसूला धाम माचाडी की घाटी में एक क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार की सुबह कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि माचाडी की घाटी केसूला धाम के पास एक शव पड़ा हुआ हैं। सूचना मिलते ही राजगढ पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। जहां घटना स्थल का मौका मुआयना किया। इस मामले की सूचना पर जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम भी घटना स्थल पर पहुंची तथा पुलिस अधिकारियों से मामले की जानकारी लेकर घटना स्थल की जानकारी ली।

### फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** बरोनी पुलिस ने अवैध बजरी खनन मामले में 14 माह से फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मनिष त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह राठौड़ एवं पुलिस वृत्ताधिकारी इन्दु लोदी के सुपरविजन में थानाधिकारी हरिराम के नेतृत्व में हैड कानि राजेशकुमार, कानि रवि कुमार व जीतराम को टीम में शामिल करके अवैध बजरी खनन के मामले में 14 माह से फरार वांछित आरोपी पप्पूलाल गुर्जर पुत्र राधाकिशन गुर्जर निवासी श्योपुरी जिला टोंक व दशरथ पुत्र रामकरण नाथ निवासी कारोला पुलिस थाना बरोनी को गिरफ्तार किया है।

### स्मैक का व्यापार करने वाले गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** पीपलू में पुलिस उपाधीक्षक इन्दु लोदी के निर्देशन में पीपलू थानाधिकारी प्रहलाद सहाय ने मय जाप्ते के स्मैक का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई की है। थानाधिकारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पीपलू के बाहर नाकाबंदी की कार्रवाई करते हुए स्मैक का व्यापार करने के आरापी शिवचरण निवासी पीपलू, पवन उर्फ कालू निवासी भूरावली को गिरफ्तार किया।

## मुख्य मार्गो पर पसरा अंधेरा

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका स्थित पावटा कस्बे के राष्टीय राजमार्ग, अंडरपास, मुख्य मार्गो व गांवों को मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्गो पर स्ट्रीट लाइट न होने के कारण अंधेरा पसरा पड़ा है। ग्रामीणों ने इन मुख्य मार्गो पर पसरे अंधेरे से लूटपाट, चोरी की घटनाओं व अन्य वारदातों में वृद्धि होने की बात कही है।

कस्बे के मुख्य मार्ग पावटा भोनावास रोड, भांकरी रोड, अंडरपास, खोस्या मंदिर मुख्य मार्ग जो पावटा कस्बे को कई गांवों को जोड़ता है, प्रागपुरा राजनौता रोड, प्रागपुरा कस्बा के मुख्य मार्गो सहित मुख्य मार्गो पर लाइट नहीं होने से पूरा कस्बा रात्रि के समय अंधेरे में डूबा रहता है। कस्बे में रोड लाइट नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों एवं बाहर से रात्रि के समय आने वाले लोगों को अंधेरे में ही रास्ता तय करना पडता है। पावटा मुख्य बस स्टैंड से होकर अनेको गांवो मे जाने वाले मुख्य मार्ग ज्यों कि इन गांवो को मुख्यालय से जोडते है कहीं भी एक भी रोड लाइट नहीं है। इन मार्गो पर रोड लाइटें नही होने के कारण स्थानीय दुकानदारों एवं आमजन को अंधेरे के कारण तकलीफ उठानी पडती है।

वहीं नगरपालिका ईओ मनीषा यादव व चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल ने जल्द ही लोगों की समस्या का समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया है।

## सार-समाचार

### विजेता खिलाड़ियों का अभिनंदन

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान विश्वविधालय द्वारा राजधानी जयपुर में विगत 15 से 17 दिसम्बर तक आयोजित की गई अन्तर महाविधालय कुश्ती प्रतियोगिता-2022 में विभिन्न भार वर्ग में पदक जीतने वाले छात्र-छात्राओं का बुधवार को पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस मौके पर कसाना ने स्वर्ण पदक जीतने वाली ग्राम सुन्दरपुरा निवासी बालिका पहलवान अंजली कसाना व संदीप गुर्जर, सिल्वर मैडल जीतने वाले ग्राम अजीतपुरा निवासी पहलवान धर्मवीर, पूतली निवासी अजय गुर्जर व राहुल गुर्जर का चाँदी का मैडल, माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने सभी पहलवानों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें व बधाई दी। इस मौके पर विजयपाल सिंह तंवर, सुमेर सिंह दादरवाल, आरके छाबड़ी, इन्द्राज कसाना, महेन्द्र कसाना, बलराम रावत, सतीश, गांधी जाट, चांद, विजेन्द्र डोई व हेमलता कसाना समेत अन्य मौजूद थे।

### युवक ने आत्महत्या की

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के आसोलाई रोड स्थित वार्ड 6 खटीक मोहल्ले में एक युवक ने घर पर फाँसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि की मृतक के आत्महत्या के कारणों का पता नही चला है न ही किसी तरह का सुसाइड नोट मिला है। थाना प्रभारी भूरी सिंह ने बताया कि कस्बे के वार्ड 6 खटीक मोहल्ले का रहने वाला 23 वर्षीय युवक सुरेंद्र जो सब्जी बेचने का कार्य करता था ने देर रात्रि को घर पर फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों को घटना की जानकारी बुधवार को सुबह मिली वही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और मोर्चरी में रखवाया। परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरु कर दी है।

### शिविर में छात्रों ने श्रमदान किया

**सांभरझील, (निसं)।** यहां राजकीय शाकम्भर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई के तत्वाधान द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा ने विद्यार्थियों को श्रम दान का महत्व बताते हुए पूर्ण निष्ठा से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी देने हेतु प्रोत्साहित किया। शिविर के अन्तर्गत विद्यार्थियों ने तीन समूहों में विभाजित होकर महाविद्यालय के गार्डन, भूगोल प्रयोगशाला और भौतिक शास्त्र प्रयोगशाला के आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई व रखरखाव का कार्य किया। शिविर का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी रूबेन सरन माथुर ने किया। राज्य सरकार के कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न पलेगशिप योजनाओं व कार्यक्रमों से संबन्धित विषयों पर प्रश्नोत्तरी निबन्ध व वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन विभिन्न कक्षाओं में किया गया।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को 20 जैन तीर्थकारों और अनंत संतों की मोक्ष स्थल श्री सम्मेद शिखर जीपारसनाथ पर्वतराज गिरीहिड झारखंड की स्वतंत्र पहचान पवित्रता और संरक्षण को लेकर विश्व जैन संगठन के आव्हान पर 5 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जैन समाज के रमेश चंद्र जैन ने बताया कि जैन समाज के लोगों ने एसडीएम गंगाधर मीणा को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं पर्यावरण वन मंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री झारखंड के नाम 20 जैन तीर्थ कारों और अनंत संतों की मोक्ष स्थल श्री सम्मेद शिखर जीपारसनाथ पर्वतराज गिरीहिड झारखंड की स्वतंत्र पहचान पवित्रता और संरक्षण को लेकर विश्व जैन संगठन की ओर से रखी गई पांच मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के दौरान रमेश चंद जैन महेंद्र जैन चंद्रशेखर जैन अमित जैन राकेश जैन नीरज जैन सतीश जैन टीकम चंद जैन अंकुर जैन आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

### भाषण प्रतियोगिता इनाम जीते

**खैरथल, (निसं)।** कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के आदेशों और राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में तीसरे दिन आयोजित आशु भाषण प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ. अंजू रानी ने जानकारी दी कि राज्य सरकार के कार्यकाल के 4 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण की विविध फ्लैगशिप योजनाओं के सम्बंध में विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने के लिए हो रही प्रतियोगिताओं की श्रंखला में बुधवार को आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने पर्ची पर लिखी विविध योजनाओं पर 1 मिनट में आशु भाषण प्रस्तुत किए। आशुभाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी ए द्वितीय वर्ष की युक्ता व्यास ने, द्वितीय स्थान तुषिता जोशी ने और तृतीय स्थान राखी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. दीपक चंदवानी ने किया तथा निर्णायक की भूमिका का निर्वाह संकाय सदस्य सरस्वती मीणा ने किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य साक्षी जैन, डॉ. शिवचरण चेडवाल आदि संकाय सदस्यों ने सहयोग किया।

### कृषि मण्डियां बंद रही

**टोंक, (निसं)।** जैन धर्मावलम्बियों के तीर्थस्थल श्री सम्मेद शिखर को झारखण्ड सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में जिले में कृषि मंडियों में बुधवार को कारोबार बंद रहा, जिससे लाखों के नुकसान के साथ किसानों को भी परेशान होना पड़ा। जानकारी के अनुसार जैन धर्मावलम्बियों के तीर्थस्थल श्री सम्मेद शिखर को झारखण्ड सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में जिले में कृषि मंडियों में कारोबार रहा। टोंक शहर में कृषि उपज मंडी टोंक में भी कारोबार बंद रहा। कृषि मंडीयों में कृषि जिंसों का कारोबार बंद रहने के कारण मंडियों में आएं किसानों को भी परेशान होना पडा और उनका माल व्यापारियों ने नही खरीदा। मंडियों में कारोबार ठप्प रहा। आडतियां संघ टोंक के अध्यक्ष भागचंद जैन फूलेता ने बताया कि जैन धर्मावलम्बियों के तीर्थस्थल श्री सम्मेद शिखर को झारखण्ड सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में टोंक कृषि उपज मंडी समिति में आडतियां संघ की ओर से कामकाज बंद रहा और किसान माल लेकर आएं, पर उनके माल की तुलाई नही हुई।

### बजरी परिवहन में आरोपी गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** पीपलू पुलिस ने अवैध बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि हैड कांस्टेबल नंदकिशोर मय जाप्ते ने एमएमआरडी एक्ट में फरार आरोपी कमलेश यादव पुत्र प्रहलाद यादव निवासी अलीनगर उर्फ मोलीपुरा थाना पीपलू को गिरफ्तार किया है।

## प्रशासन के खिलाफ धरना दिया

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** नगरपालिका खाटूश्यामजी में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता दिनेश कुमार चांदा के मंगलवार देर रात एसीबी द्वारा ट्रेप किए जाने के बाद बुधवार को जनता में आक्रोश देखने को मिला और भ्रष्टाचार तथा नगरपालिका की कार्यशैली को लेकर धरना देते हुए पालिका प्रशासन व नगरपालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। नगरपालिका परिसर में आयोजित धरना प्रदर्शन में खाटू ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर पूनिया ने कहा कि अधिकारी व अध्यक्ष खुले आम रिश्वत का खेल खेल रहे हैं। नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव ने कहा कि धरने में जो भी आरोप लगाये है वो सब बेबुनियाद है।

# बनवारी लाल ने चुनाव लड़ने की घोषणा की, भाजपा की राजनीति गर्माई

**अलवर, (निसं)।** अलवर की भाजपा की राजनीति में आज उस समय उस समय उबाल आ गया जब पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंगल ने सीना ठोक कर चुनाव लडने की घोषणा कर दी इनके द्वारा की गई घोषणा पर भाजपा कार्यकर्ता सकते में आ गए क्योंकि अब गुटबाजी भाजपा में पूरी तरह हावी हो सकती है और इसका खामियाजा उठाना पड सकता है

पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल ने बुधवार को मीडिया के सामने घोषणा करते हुए कहा कि वे अगले विधानसभा 2023 के चुनाव में टिकट लेकर आएंगे

■ **'मैं टिकट लेकर आऊंगा और चुनाव लड़ूंगा, दूसरों के बारे में नहीं बोलूंगा'**

और चुनाव लड़ेंगे। पिछले चार साल उन्होंने निष्ठा से कार्य किया है। इसलिए जनता के आव्हान पर पुनः प्रस्तुत करने की घोषणा करता हूं। जब प्रदेश में दूसरे नंबर पर सबसे अधिक वोटों से जीते और अगले चुनाव में उनका टिकट कट गया। तब भी उन्होंने खिलाफत नहीं की थी। 4 साल निष्ठा से कार्य किया।

पूर्व विधायक ने कहा कि जनता मुझे रोज आह्वान करने में लगी है। मेरे दस साल के कार्यकाल को याद किया जाने लगा है। आमजन मुझे वापस प्रस्तुत करना चाहते हैं। मुझे फोन भी आते हैं। लोग चाहते हैं कि पीड़ित लोगों को न्याय मिले। इसलिए मैंने भी यह निर्णय किया है कि आने वाले समय के लिए पुन अलवर शहर से जनता के आव्हान पर प्रस्शत करने की घोषणा करता हूं।

एक दिन पहले अलवर में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित पूरी सरकार थी। बीकानेर से राहुल गांधी की सुरक्षा के लिए आए पुलिसकर्मी का अम्बेडकर नगर में पीट-पीटकर बुरा हाल कर दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि राजस्थान की जनता चार साल को काले वर्ष के रूप में देखती है। इन चार सालों में अपराध व भ्रष्टाचार ऐतिहासिक रूप से बढ़ा है। राजस्थान अपराध , रंगधारी, बलात्कार का गढ़ हो गया। दूसरे प्रदेश के गुंडों ने राजस्थान को शरणस्थली बना लिया। मेरे 10 साल के कार्यकाल में गुंडो को यहां से पलायन करने को मजबूर कर दिया था। लेकिन अब गुंडो का वापस कब्जा हो गया है। इन सबसे अलवर को सुरक्षित करने के लिए खुद को प्रस्तुत करता हूं।

# साढ़े तीन लाख रुपए के जेवर व 55 हजार की नकदी चोरी

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर के सदर थाने के 100 मीटर सामने चोर घर से करीब साढ़े 3 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने और करीब 55 हजार रुपए नकद पार कर ले गए। रात को चोरों ने घर के 5 ताले तोड़े। अलमारी व शूटकेस में रखे मां-बेटी व बहू के करीब साढ़े 3 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। इसके अलावा घर में करीब 55 हजार रुपए नकद थे। वे भी ले गए। घर में बुजुर्ग दंपती रहते हैं। वे दोनों उदयपुर में अपनी बेटी के पास गए हुए थे। वापस लौटे तो घर के ताले टूटे पड़े मिले। अंदर कमरों में सामान बिखरा मिला। बुधवार को पुलिस को रिपोर्ट दी है।

शहर में 200 फुट रोड पर सदर थाने के सामने पंडित कॉलोनी में सतीश कुमार जैन पत्नी रुक्मणि जैन के साथ अकेले ही रहते हैं। बेटा शालीमार में रहता है। दंपती 3 दिसंबर को उदयपुर में बेटी के पास चले गए थे। अब बुधवार को वापस लौटे तो चोरी की घटना का पता लगा। घर के मुख्य गेट से लेकर अंदर अलमारी व शूटकेस सहित कुल 5 ताले टूटे मिले। घर में रखे जेवर व नकदी भी नहीं मिली।

रुक्मणि जैन ने बताया कि मंदिर में रखे हुए करीब 5 हजार रुपए भी चोर ले गए। इसके अलावा करीब 50 हजार रुपए अलग से रखे थे। सोने की चेन व चार अंगूठी सहित अन्य गहने थे। करीब 500 ग्राम चांदी के गहने रखे थे। ये सब गहने बेटी, बहू व खुद के थे।। अब घर आए तो न गहने मिले न नकदी। पूरा सामान बिखरा पड़ा मिला है। अब पुलिस मामले की जांच में लगी है।

पुलिस का कहना है कि चोरी की वारदाता का पता लगाने में लगे हैं। पहले तो घटना की रात का पता करके उस समय के फुटेज देखने के बाद ही कुछ पता चल सकेगा।

## हथियार दिखाकर बोलेरो व नगदी लूट का खुलासा

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर की लवणीय झील में 13 दिसंबर को हथियार दिखाकर चालक के साथ मारपीट कर बोलेरो, नगदी व मोबाइल लूटकर उसे निर्वस्त्र कर फरार हुए तीन और मुलजिम को सांभर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लूट का खुलासा किया है। पकड़े गए लुटेरों में दो सांभर की जीवनधारा कॉलोनी के रहने वाले है।

सांभर थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 13 दिसंबर को चालक राजेश कुमार की बोलेरो गाड़ी फुलेरा से गुढ़ा साल्ट के लिए 1000 में किराए पर बुक किया था। सांभर झील में खारड़े के पास त्योदा गांव में सुनसान इलाके में चालक को हथियार दिखाकर उसकी बोलेरो गाड़ी, मोबाइल व नगदी लूटकर उसे निर्वस्त्र कर फरार हो गए थे जिनमें से एक मुलजिम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

सांभर डीपी सुथार ने बताया कि बापर्दा गिरफ्तार किए गए आरोपी नगेंद्र सिंह ऊर्फ नीकू पुत्र ओम सिंह निवासी सांभर, कुलदीप पुत्र गौतम सिंह निवासी सांभर व तीसरा आरोपी अकील पुत्र फकीर मोहम्मद निवासी कुचामन सिटी का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को सब जेल मेड़ता, जिला नागौर से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है।

## जिला प्रभारी मंत्री आज टोंक में

**टोंक, (निसं)।** राज्य सरकार के अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ, उपनिवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्र विकास, जल उपयोगिता विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री टोंक शाले मोहम्मद गुरूवार, 22 दिसंबर को टोंक आएंगे। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद प्रातः 11 बजे राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे टोंक से जैसलमेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# भूमाफिया ने कब्जाशुदा भूखंड को बेचा

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** अलवर जिले की नीमराना तहसील क्षेत्र में नीमराणा के भूमाफिया ने प्रशासन से मिलकर किसान के कब्जाशुदा भूखंड को अकाबिज कागजों में बेच दिया।

नीमराणा तहसील के प्रतापसिंहपुरा गांव निवासी विक्रमसिंह यादव पुत्र पतराम के कब्जाशुदा व हिस्से की खसरा नंबर 1082 रकबा 0.49 हैक्टेयर भूखण्ड का वाद न्यायालय उपखंड अधिकारी नीमराना में निरंतर होने के बावजूद कानून का दुरुपयोग करते हुए 26 अक्टूबर 2020 से 10 मार्च 2021 के बीच अन्य ओम ाकाश पुत्र श्योनारायण, कबूल चंद पुत्र हरीसिंह, ग्यारसीलाल पुत्र हरीसिंह, दयानंद पुत्र श्योनारायण, रामसिंह पुत्र हरीसिंह, लता पुत्री हरीसिंह, श्रीपाल पुत्र हरीसिंह एवं शांति पुत्री भूराराम ने कानून के दुरुपयोग तरीके से खसरा नंबर 1082 के 0.49 हैक्टेयर को कोरोनाकाल में योगेश पुत्र सोनाराम माली वार्ड नंबर 13 मोहल्ला तिवाडी चौक बावल तहसील बावल जिला रेवाड़ी हरियाणा को नीमराणा के भूमाफिया व प्रशासन से मिलकर किसान के कब्जाशुदा भूखंड को अकाबिज कागजों में बेच दिया।

किसान दंपत्ति ने बताया कि भू माफियाओं तथा नीमराना प्रशासन की मिलीभगत से उसकी खसरा नंबर 1082 के हिस्से प्रतापसिंहपुरा को बिना बंटवारे की अनेक खातेदारी की कब्जाशुदा को अन्य ने जिस पर उसका कब्ज़ा है नीमराणा प्रशासन तथा भू माफियाओं की मिलीभगत के चलते स्टे आदि निरन्तर होने के बावजूद भी न्यायालय से खिलवाड़ करते हुए उसकी कब्जाशुदा जमीन भू माफियाओं तथा बदमाशों के द्वारा आए दिन फायरिंग तथा परिवार को जान से मारने के मामले आदि घटनाओं के चलते कानूनगो कृष्ण कुमार, पुलिस तथा उपखंड अधिकारी व तहसीलदार नीमराणा की जानकारी में होने के बावजूद भी अन्य हिस्सेदारों ने परिवार को जान से खत्म करने की अनेकों घटनाएं घटित होने तथा पुलिस की सुरक्षा उपस्थिति व जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत जानकारी देने के बावजूद भी जिन्दगी और मौत से जूझते हुए राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों व नीमराणा प्रशासन के पास गुहार लगा रहा है।

# पंचायत के ग्रामीणों को टोल मुक्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**निवाई, (निसं)।** पीपलू में सोहेला-डिग्गी स्टेट हाईवे पर झिराना के पास स्थित टोल प्लाजा पर आसपास के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पीपलू पर विरोध प्रदर्शन करते हुए आसपास के गांवों के छोटे वाहनों को टोल फ्री करवाने की मांग की है। सरपंच संघ अध्यक्ष अशोक राव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पर टोलकर्मियों पर दादागिरी करने, ग्रामीणों से आए दिन झगड़ा करने एवं अभद्रता करने के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करके उपखंड अधिकारी के नाम तहसीलदार नेहा चौधरी को ज्ञापन सौपा हैं।

सरपंच संघ अध्यक्ष अशोक राव ने कहा कि ग्राम पंचायत झिराना से डिग्गी मार्ग पर करीब 1 किलो मीटर की दूरी पर टोल प्लाजा स्थित है। जबकि पंचायत के काश्तकारों की भूमि टोल प्लाजा से भी आगे तक है। वहीं पेट्रोल पंप भी टोल प्लाजा के आगे स्थित है। ऐसे में ग्रामीणों को अपने निजी वाहनों से खेतों व पेट्रोल पंप जाने के लिए भी टोल देना पडता है। साथ ही टोलकर्मियों को स्थानीय नागरिक होने तथा आधार कार्ड बताए जाने के बाद भी उन्हें नहीं निकलने दिया जाता है।




ग्रामीणों को टोल मुक्त करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री राजेन्द्र सराधना ने बताया कि नेशनल हाइवे पर स्थित बरखेडा व सोनवा टोल, मालपुरा के अविकानगर, रेनवाल टोल स्थित सभी टोल प्लाजा पर स्थानीय लोगों को टोल फ्री किया हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप भी लगाया कि टोलकर्मी वाहन चालकों के साथ दुर्व्यवहार भी करते हैं। सभी ग्रामीणों ने टोल प्लाजा के पेराफेरी क्षेत्र में निवास करने वाले स्थानीय वाहनों को पहचान पत्र के साथ टोल फ्री किए जाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी के नाम तहसीलदार नेहा चौधरी को ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन देने वालो में उपसरपंच महेन्द्र जाट, एडवोकेट राजेन्द्र सराधना, शंकरलाल चौधरी, रामदयाल जाट, रामरतन ताखर, शमशुद्दीन, राजेन्द्र साहू, प्रधान, राजाराम, शंकरसिंह, अरविन्द जैन, नसरूद्दीन, हरिराम, हरिओम नामा, पंकज लक्षकार, शमशेरसिंह, मुकेशकुमार व रामजस सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

■ **टोलकर्मियों पर लगाए दादागिरी व अभद्रता के आरोप**

# अनशन पर बैठे आरटीआई कार्यकर्ता से प्रशासन की समझाईश वार्ता विफल

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा नगरपालिका में ईओ, जेईएन व पार्षदों द्वारा बीते डेढ वर्ष से फर्जी से कोटेशन ऑफलाईन वर्क ऑर्डर के जरिए नियम व क्षैत्राधिकारों के बाहर जाकर किये गये 400 से अधिक विभिन्न कार्यों में करोडों रूपयों की की गई हैराफेरी व घोटोले की जांच एवं ऑफलाईन पत्रावलियों की छाया प्रति लेने व केश शाखा का नियमों के विपरीत कार्य संभाले सफाई कर्मचारी महेन्द्र सगडोलिया के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज करवाने की मांग को लेकर सात दिन से धरना व अनशन पर बैठे आरटीआई कार्यकर्ता से बुधवार को हुई पालिका प्रशासन की समझाईश वार्ता विफल रही।

■ **अध्यक्ष व ईओ ने कमेटी के समक्ष ईओ के चैम्बर का तोड़ा ताला**

धरना स्थल पर पहुंचे पालिका अध्यक्ष आशा नामा, उपाध्यक्ष पवन कुमार मैन्दवास्या, कार्यवाहक ईओ देशराज मीणा सहित एडवोकेट राजकुमार जैन, सहवृत्त पार्षद मरगूब अहमद, एडवोकेट राजेन्द्र राजपुरोहित, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव बैरवा, महावीर नामा, पार्षद श्योजीराम शर्मा, सुरेन्द्र राव, महेन्द्र गंवारिया, अतिक, मजीद, मणिशंकर सहित गणमान्य नागरिकों ने आरटीआई कार्यकर्ता से समझाईश कर धरना व अनशन समाप्त करने की मांग की।

लेकिन अनशन पर बैठे आरटीआई कार्यकर्ता प्रहलाद खाण्डल ने फर्जी कोटेशन से ऑफलाईन कार्यो की सभी पत्रावलियों, डेढ वर्ष मे किये भूगतान व बैंक डिटेल की छाया प्रति सहित महेन्द्र सगडोलिया के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज करवाने की शर्ते रख चाही गई 11 बिन्दुओ की सूचना मिलने के बाद ही धरना व अनशन समाप्त करने की अपनी मांगों पर अडिग रहे।

ईओ देशराज मीणा ने बताया कि केश शाखा के ताले तोड पत्रावलियों की सुची तैयार की गई है जिसमे कुल 361 पत्रावलियां मिली है। जिनमे 20 4 पत्रावलियां ऑफलाईन कार्यो की है। 20 अक्टुबर 2022 से बंद ईओ के कार्यालय को पांच सदस्यो की कमेटी के सामने विडियोग्राफी करवा ताले तोड तलाशी ली गई। लेकिन कक्ष मे कोई पत्रावली व दस्तावेज नही मिले। जो पत्रावलियां मिली है उनकी छाया प्रति ही देने मे सक्षम है।

अध्यक्ष आशा नामा व उपाध्यक्ष पवन कुमार सहित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव बैरवा के साथ थाने पहुंचे ईओ देशराज मीणा ने कार्मिक महेन्द्र सगडोलिया के विरूद्ध बिना केश शाखा का चार्ज दिये लाडनू नगरपालिका मे पदभार ग्रहण करने व 15 दिसम्बर से नदारद रहने सहित पालिका कार्यालय से महत्वपूर्ण पत्रावलियां, रिकार्ड व सामान चुरा ले जाने एवं खुर्दबुर्द करने का आरोप लगा कोई बडा घोटाला कर चुपचाप लाडनू पालिका मे ज्वॉईन कर लेने की लिखित मे प्रार्थना पत्र दिया जिस पर थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने भारतीय दण्ड सहिंता की धारा 379 मे मामला दर्ज कर अनुसंधान अधिकारी नियुक्त किया।

वहीं चिकित्सकों ने आरटीआई कार्यकर्ता के स्वास्थ्य मे लगातार गिरावट होने से तत्काल चिकित्सकीय उपचार की रिपोर्ट प्रशासन को दी है।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने बुधवार को बांसवाड़ा जिला मुख्यालय पर जन आक्रोश यात्रा को संबोधित किया। इस दौरान स्थानीय बालिकाओं ने मंच पर पूनिया का फूलमालाओं से स्वागत किया।

# जनाक्रोश यात्रा का दूसरा चरण आरंभ, प्रदेशभर में जन सभाएं कर रही है भाजपा

## प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया कई जन सभाएं संबोधित कर चुके हैं और अब अन्य वरिष्ठ नेताओं के कार्यक्रम भी तय कर दिए गए हैं

- **22 से 24 दिसंबर के बीच गुलाब चंद कटारिया सहित अन्य प्रमुख नेता व विधायक जन सभाएं करेंगे।**
- **पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे गुट के कई नेताओं को भी जिम्मेवारियां दी गई हैं।**

जयपुर, 21 दिसम्बर (का.सं.)। प्रदेश भाजपा की ओर से निकाली जा रही जनाक्रोश यात्रा के दूसरे चरण में जन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया कई इलाकों में जाकर जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

इसी क्रम में दौरान प्रदेशाध्यक्ष पूनिया पाली, अजमेर, सीकर, झूंझुनू, नागौर, उदयपुर, भरतपुर, दौसा, जयपुर शहर, बांसवाड़ा सहित अनेक स्थानों पर जनसभाओं को सम्बोधित कर चुके हैं।

अब पार्टी ने कई वरिष्ठ नेताओं को जगह व तारीख आवंटित की है, जहां जाकर वो जनसभा को संबोधित करेंगे।

पार्टी की ओर से जारी सूचना के अनुसार 22 दिसंबर को उपनेता प्रतिपक्ष, गुलाबचंद कटारिया और एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया बागीदौरा में, विधायक कालीचरण सराफ और रामलाल शर्मा सीकर, विधायक ज्ञानचंद पारख और पूर्व मंत्री ओटाराम देवासी भीनमाल, प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकांता मेघवाल अंता में मुख्य वक्ता के रूप में जनसभा को संबोधित करेंगे।

इसी तरह 23 दिसंबर को उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकांता मेघवाल को नीमकाथाना, प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा और पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी को पुष्कर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और पूर्व विधायक शंकर सिंह राजपुरोहित को सांचौर में जनसभा को संबोधित करने की जिम्मेवारी दी गई है।

चौबीस दिसंबर को प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां और एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल रायसिंहनगर, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया और प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया पीलीबंगा, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया और सांसद सीपी जोशी बेगूं, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और सांसद पीपी चौधरी भोपालगढ़, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और पूर्व विधायक गोवर्धन वर्मा फतेहपुर और पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी और सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया सवाई माधोपुर के खंडार में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# 'वर्ष 2023 में मेरे आदिवासी भाई बहनों का सम्मान दोगुना करके लौटाऊंगा'

## भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कुशलगढ़ में विशाल आमसभा को संबोधित किया

- **डॉ. पूनिया ने राहुल गांधी से 17वां सवाल पूछा, कांग्रेस सरकार नॉन टीएसपी के लोगों का तबादला कब करेगी, यहां जो सीटें खाली होंगी, वो सीटें टीएसपी के नौजवानों से कब भरी जाएंगी।**
- **पूनिया ने कहा, आदिवासी भाई-बहन मेरे अपने हैं, इनका दुख-दर्द मेरा अपना है, इनके सम्मान, समृद्धि और खुशहाली के लिये भाजपा की सरकार 2023 में संकल्पित होकर काम करेगी।**

जयपुर/कुशलगढ़/बांसवाड़ा, 21 दिसम्बर (का.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आज कुशलगढ़ और बांसवाड़ा जिला मुख्यालय पर जन आक्रोश सभाओं को संबोधित किया, जिनमें काफी संख्या में आमजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बांसवाड़ा में जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुये सतीश पूनिया ने कहा कि मैं तीन दिन से वागड़ क्षेत्र में हूं, जनजाति भाई-बहनों से संवाद कर रहा हूं, उनकी समस्यायें जान रहा हूं, जिनका हम भाजपा की सरकार बनने पर समाधान करेंगे। जिस तरह यहां के लोगों में कांग्रेस सरकार के प्रति आक्रोश दिख रहा है, उससे तय है कि 2023 में कांग्रेस की विदाई होगी और पूरी शान से भाजपा का सूरज उदय होगा। मैं 2023 में मेरे आदिवासी भाई बहिनों का सम्मान दो गुना करके लौटाऊंगा।

कुशलगढ़ में जनसभा संबोधित करते हुये पूनिया ने कहा कि कुशलगढ़ पहली बार आया हूं, बार-बार यहां आऊंगा कि क्योंकि एक तो यहां के लोग बहुत कुशल हैं तो दूसरा भीमा बाई ने इतना बढ़िया स्वागत कराया, मक्के की रोटी, उड़द की दाल, चने की भाजी खिलाई और पापड़ी भी खिलाई। आपके सामने जो बैठी हैं निर्मला जिला प्रमुख हैं और सूर्या प्रधान हैं, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोसिंह शेखावत द्वारा पंचायतीराज में महिलाओं को आरक्षण का प्रावधान करने से ये दोनों आदिवासी महिलाएं आपके बीच में सम्मान और स्वाभिमान के साथ बैठी हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों के उत्थान का काम पहली बार भाजपा की सरकार में भैरोंसिंह शेखावत ने किया और पूरे देश में आदिवासियों की उन्नति और बुनियादी सुविधाओं के साथ मुख्यधारा में लाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। आप सब लोगों की कुशलता और हालचाल जानने के लिए आया हूं और भाजपा की जो जन आक्रोश यात्रा है, उस यात्रा की सभा के लिए आया हूं। जनता में आक्रोश इसलिये है कांग्रेस सरकार के खिलाफ, कि बिजली नहीं, पानी नहीं, रोजगार नहीं, कर्जा माफी नहीं हुई, अपराध बढ़ रहे हैं, सड़कें टूटी हैं, तो इन सब मुद्दों को लेकर आप लोगों के बीच जागरुकता के लिये आया हूं।

पूनिया ने कहा कि आप सब लोगों के मन में भी भारी पीड़ा है कांग्रेस की जनविरोधी सरकार के खिलाफ। कांग्रेस के लोग झूठ कैसे बोलते हैं, यह आप सबको पता ही है। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी से रोज एक सवाल पूछता हूं, जिससे कांग्रेस के लोग नाराज होते हैं, आज मैं आपके सामने 17वां सवाल पूछ रहा हूं। राहुल गांधी मैं इस जनता की अदालत से पूछना चाहता हूं कि नॉन टीएसपी के लोगों का तबादला उनके क्षेत्र में कब होगा और वो जो सीटें खाली होंगी उस जगह जनजाति के नौजवानों की भर्ती कब होगी?

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इतिहास ऐसा पढ़ाया कि आजादी के आंदोलन में आदिवासी का कोई योगदान नहीं दिखाया, जो उनको पंसद आया वो ही इतिहास में लिखा और पढ़ाया, लेकिन मैं उन लोगों को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने मानगढ़ की पवित्र भूमि पर उस इतिहास को खोज निकाला, जब गोविंद गुरू के नेतृत्व में 1500 से ज्यादा आदिवासी बहनों और भाइयों ने अंग्रेजों की हुकूमत से मोर्चा लिया था।

इस दौरान प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज मीणा, एसटी मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, हकरू भाई मइडा, जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह राव, विधायक कैलाश मीणा, पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई, पूर्व मंत्री भवानी जोशी, धनसिंह रावत, एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री धमेन्द्र, जिला प्रभारी दिनेश भट्ट, प्रधान कानहिंग रावत, प्रधान बलवीर रावत, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपसिंह वसूनिया इत्यादि उपस्थित रहे।

# स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त हुई, 5 बच्चों की मौत

- **मणिपुर में हुई इस दुर्घटना में 40 अन्य बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गये।**
- **स्कूल बस बच्चों को स्टडी टूर कराने ले जा रही थी।**
- **घायल बच्चों का इलाज चल रहा है।**

इंफाल, 21 दिसंबर (वार्ता)। मणिपुर में बिष्णुपुर और खौपुम के बीच लीमाटक के पास बुधवार को एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच स्कूली बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गयी और 40 अन्य घायल हो गये।

राज्यपाल ला गणेशन, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, मंत्रियों, नागरिक समाजों और छात्रों के संगठनों ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। अधिकांश घायलों को इंफाल के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है।

राज्यपाल ने जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान (जेएनआईएमएस) के मुर्दाघर का भी दौरा किया जहां शवों को रखा गया था और मृतक व्यक्तियों के परिवारों को सांत्वना दी। बीरेन सिंह बाद में अस्पताल पहुंचे और पीड़ितों से मिले। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने दुर्घटना के बारे में जानकारी सोशल मीडिया पर अपलोड करने से सरकार को बचाव अभियान शुरू करने में मदद मिली।

बीरेन ने कहा कि हादसे में पांच छात्रों, एक वार्डन और एक शिक्षक की मौत हुई है।

उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हुई बस में 47 लोग सवार थे। इनमें थम्बलनू हायर सेकेंडरी स्कूल, येरिपोक टॉप चिंगथा के छात्र और कर्मचारी शामिल थे, जो खौपुम के वार्षिक अध्ययन दौरे के लिए गए थे।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ चर्चा के बाद मृत व्यक्तियों के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्णय लिया है।

## वाड्रा के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गुहार की है।

एनफोर्समेंट डायरैक्टोरेट की ओर से 'एडीशनल सॉलिसिटर जनरल' (ए.एस.जी.) राजदीपक रस्तोगी ने ई.सी.आई.आर. को रद्द करने की वाड्रा की याचिका के खिलाफ बहस की। उन्होंने अदालत को कहा कि इस मामले में वर्ष 2018 से ही रॉबर्ट वाड्रा के वकीलों ने रोक लगवा रखी है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रॉबर्ट वाड्रा को ई.डी. की ओर से ई.सी.आई.आर. की कॉपी भी प्रस्तुत नहीं की गई है, परंतु वरिष्ठ अधिवक्ता आर.डी. रस्तोगी ने अदालत में कहा कि ई.सी.आई.आर. की कॉपी प्रस्तुत नहीं करने की वजह से इसे रद्द नहीं किया जा सकता।

उन्होंने बताया कि अदालत ने इस मामले में तीन दिन की बहस के बाद आज कहा है कि वह इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित कर रही है और 22 दिसम्बर को ही अपना फैसला सुनाएगी।

# 'जैसे चीन घुसा उसी तरह से हम महाराष्ट्र वाले कर्नाटक में घुसेंगे'

## शिवसेना-उद्धव ठाकरे पार्टी के सांसद संजय राउत ने सीमा विवाद पर यह धमकी दी

- **महाराष्ट्र के मंत्री शंभूराज देसाई ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर कर्नाटक के नेता गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से गुरेज नहीं करेंगे, तो महाराष्ट्र कायना बांध से कर्नाटक की जाने वाली जल आपूर्ति को बंद कर सकता है।**

मुंबई, 21 दिसम्बर। शिवसेना-यूटीबी सांसद संजय राउत ने बुधवार को कर्नाटक में घुसने की धमकी दी और कहा वह भी वैसे घुसेंगे जैसे चीन ने भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया है और इसके लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच विवादास्पद सीमा विवाद पर नए सिरे से वाकयुद्ध छिड़ गया है। उन्होंने कहा, जैसे चीन भारत में घुसा है, वैसे ही हम भी कर्नाटक में घुसेंगे। हमें इसके लिए किसी की इजाजत की जरूरत नहीं है। हम इसे बातचीत के जरिए सुलझाने के इच्छुक हैं, लेकिन कर्नाटक के मुख्यमंत्री आग भड़का रहे हैं।

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री भी सीमा विवाद के संबंध में कई बयान दे रहे हैं। महाराष्ट्र के मंत्री शंभूराज देसाई ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर कर्नाटक के शीर्ष नेता दोनों राज्यों के बीच बढ़ते सीमा विवाद के बीच गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से गुरेज नहीं करते हैं, तो महाराष्ट्र कर्नाटक को दिए जाने वाले जल आपूर्ति को बंद कर सकता है।

देसाई ने कहा कि अगर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और अन्य नेता गैर-जिम्मेदार बयान देना बंद नहीं करते हैं, तो महाराष्ट्र को अपनी बांधों से पड़ोसी राज्य को पानी की आपूर्ति के बारे में पुनर्विचार करना होगा।

देसाई ने यहां विधान भवन के बाहर मीडिया से बात करते हुए कर्नाटक सरकार के उस रुख की आलोचना की जिसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र को एक इंच भी जमीन नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोनों राज्यों के बीच चल रहे सीमा विवाद के बीच कर्नाटक के शीर्ष नेता गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से गुरेज नहीं करते हैं, तो महाराष्ट्र को अपने बांधों से पड़ोसी राज्य को पानी की आपूर्ति के बारे में पुनर्विचार करना होगा।

बेलगावी को लेकर दोनों राज्यों के बीच बढ़ते तनाव के बीच, कर्नाटक विधानमंडल ने राज्य के रुख को दोहराया है कि पड़ोसी राज्य को एक इंच जमीन भी नहीं दी जाएगी।

गौरतलब है कि मंगलवार को कर्नाटक विधानसभा में सीमा विवाद पर बहस के दौरान खुद मुख्यमंत्री बोम्मई ने इस मुद्दे पर जोर देते हुए राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करने का सुझाव दिया था।

# शाहरुख खान दुनिया के 50 महानतम कलाकारों की लिस्ट में

- **एम्पायर मैगज़ीन ने अब तक के 50 महानतम कलाकारों की लिस्ट जारी की है।**

मुंबई, 21 दिसंबर (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान एम्पायर मैगजीन की लिस्ट में दुनिया भर के 50 महानतम कलाकारों की लिस्ट में शामिल किये गये हैं।

एम्पायर मैगजीन के अब तक के 50 महानतम कलाकारों की लिस्ट जारी की है, जिसमें भारत से एकमात्र शाहरुख ऐसे शख्स है, जिसका नाम इसमें शामिल हैं। एम्पायर मैगजीन की लिस्ट में हॉलीवुड के टॉम हैंक्स, डेंजल वाशिंगटन, मर्लिन मुनरो, रॉबर्ट डिनीरो, नेटली पोर्टमैन, हीथ लेजर, टॉम क्रूज, लियोनार्दो डिकैपरियो, सैमुअल एल जैक्सन, निकोलस केज, वियोला डेविस, केट, ब्लेंचेट, मारलोन ब्रांडो, टॉम हार्डी, मेरिल स्ट्रीप, क्रिश्चियन बेल, एंथनी हॉपकिंस, जूलियन मूर, चार्लीज थेरोन, अल पचीनो, पेनेलोप क्रूज, योकिन फीनिक्स, मोरगन फ्रीमैन आदि शामिल हैं।

# जयमहल पैलेस होटल केस में राज परिवार को राहत

## सिविल न्यायालय ने पूर्व राज परिवार के सेवक के वारिस रामसिंह का दावा खारिज कर दिया

- **अदालत ने कहा रामसिंह विवादित संपत्ति पर कब्जे के संबंध में कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका, इसलिए उनका दावा खारिज किया जाता है।**
- **मामला यह है कि, महाराजा मानसिंह ने विवादित जमीन पर दो कमरे रहने के लिए रामसिंह के पिता बख्श सिंह को दिए थे। बख्श सिंह के निधन के बाद यह सुविधा स्वमेव खत्म हो गयी थी, यही नहीं, मानसिंह ने अपने जीवन काल में ही यह जमीन जगत सिंह को सौंप दी थी।**

जयपुर, 21 दिसंबर (का.सं.)। सिविल न्यायालय क्रम-1 महानगर द्वितीय ने जय महल पैलेस होटल व नाटाणियों के बाग की कुछ जमीन पर मालिकाना हक के मामले में पूर्व राजपरिवार सदस्यों को राहत देते हुए उनके सेवकों के वारिसान का 37 साल पुराना दावा खारिज कर दिया। अदालत ने रामसिंह व अन्य के दावे खारिज करते हुए कहा, "विवादित संपत्ति पर कब्जे के संबंध में कोई दस्तावेज व फोटो पेश नहीं किए हैं। वादी ने ऐसा कोई गवाह भी पेश नहीं किया है, जो उनके पक्ष में संपत्ति के कब्जे को साबित करता हो। वादी रामसिंह ने भी अपने बयानों में माना है कि विवादित जमीन पर जय महल पैलेस होटल का कब्जा है। ऐसे में वे कोई राहत के हकदार नहीं है।"

मुकदमे से जुड़े अधिवक्ता रामजीलाल गुप्ता ने बताया कि, रामसिंह भाटी व अन्य ने पूर्व राजपरिवार के सदस्य भवानी सिंह, पद्मिनी कंवर, दीया कुमारी, पद्मनाभ सिंह सहित रामबाग होटल के मैनेजर विक्रम सिंह को पक्षकार बनाते हुए 1985 में कोर्ट में दावा किया था। दावे में कहा था कि भवानी सिंह के पूर्वजों ने उनके पिता बक्स सिंह को यह जमीन मालिकाना हक सहित दी थी। उनके पिता का निधन 1980 में हो चुका है और इस संपत्ति पर वो और उनके वारिस मालिक की हैसियत से रह रहे हैं। बिजली व जलदाय विभाग ने भी उनके पिता के नाम से बिजली व पानी का कनेक्शन दिया था, लेकिन अब प्रतिवादी उनके मकान व संपत्ति पर कब्जा कर उन्हें बेदखल करना चाहते हैं।

प्रतिवादियों ने उन्हें संपत्ति से बेदखल करने का प्रयास भी किया। इसलिए प्रतिवादियों को अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किया जाए कि वे वादियों को संपत्ति के उपयोग, उपभोग से ना रोकें तथा जबरन प्रवेश व तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं करें।

जवाब में पूर्व राजपरिवार का कहना था कि, महाराजा मानसिंह ने विवादित संपत्ति पर दो कमरे ही रहने के लिए दिए थे और श्री बक्स सिंह के सेवाकाल से अवकाश लेने पर उनका जमीन पर लाइसेंस खत्म हो गया था। ऐसे में वादी जमीन पर अतिक्रमी की हैसियत से रह रहे थे। मानसिंह ने अपने जीवनकाल में ही यह जमीन अपने बेटे जगत सिंह को, 5 मई 1985 को दे दी थी और तब से वे ही इस जमीन पर काबिज रहे। बाद में जगतसिंह ने इस जमीन को ताज ग्रुप को लीज पर दिया था। ऐसे में वादियों का दावा खारिज किया जाए।

कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर पूर्व राजपरिवार व अन्य के खिलाफ दायर दावे को खारिज कर दिया।

# साउथ इंडिया में और आक्रामक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ड्रग टैस्ट के लिये अपने खून के नमूने दें? दोनों नेताओं राज्य के मन्त्री के.टी. आर तथा भाजपा नेता बाँदी संजय-के बीच की इस उत्तेजक बयानबाजी ने राजनैतिक लड़ाई को एक बहुत ही निम्न स्तर की लड़ाई का रूप दे दिया है तथा इससे सार्वजनिक बयानों का स्तर गिर रहा है।

वहीं दक्षिण भारत में तेंलगाना के पड़ौसी राज्य तमिलनाडु में भी "टाइम मशीनों" को सत्तारूढ़ द्रमुक (डी.एम.के.) तथा विपक्षी भाजपा के बीच एक दिलचस्प वाकयुद्ध चल रहा है। द्रमुक ने भाजपा के प्रान्तीय अध्यक्ष के. अन्नामलाई, जो राजनीति में आने से पहले सरकारी सेवा में थे, से सवाल पूछा है कि वे घड़ी खरीदने के लिये 5 लाख रूपये कैसे खर्च कर सकते हैं? इसके प्रत्युत्तर में, भाजपा ने उतना ही तीखा प्रहार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन तथा उनके बेटे, जो इस समय मन्त्री हैं, की महँगी घड़ियों को लेकर किया है।

जब अन्ना मलाई से घड़ियों के बारे में प्रश्न किया गया तो उन्होंने पत्रकारों से कहा बताते हैं कि वे घड़ी के बारे में पूरा विवरण देने को तैयार हैं, बशर्ते स्टालिन, उनके बेटे तथा दामाद यह स्पष्टीकरण दें कि वे अलग-अलग अवसरों पर अलग-अलग और इतनी महँगी घड़ियाँ पहनने में किस तरह सक्षम हुये। लेकिन चुनावाधीन कर्नाटक में, भाजपा जनता के गुस्से का निशाना है और बिगड़ती छवि से पीड़ित है। उसके वरिष्ठ नेता धमकी दे रहे हैं कि अगर वे मन्त्री नहीं बनाये गये तो वे सरकार गिरा देंगे। राजनैतिक रूप से प्रभावी कुरूबा जाति के प्रतिष्ठित भाजपा नेता के.एस. ईश्वरप्पा, जिन्हें एक ठेकेदार द्वारा की गई आत्महत्या के बाद मन्त्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था, को अब क्लीन चिट मिल गई है, लेकिन फिर भी उन्हें पुनः मन्त्री नहीं बनाया गया। इसको लेकर आक्रोशित इस वरिष्ठ विधायक ने माँग की है कि उन्हें पुनः मन्त्री बनाया जाये तथा वे खुली धमकियाँ दे रहे हैं।

ईश्वरप्पा को जिस ठेकेदार की आत्महत्या के फलस्वरूप इस्तीफा देना पड़ा था, उसने आत्महत्या से पहले यह आरोप लगाया था कि ईश्वरप्पा ने ठेकों के एवज में उससे 40 प्रतिशत कमीशन माँगा था। उसी समय से कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ "40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार" प्रचार शुरू कर दिया था। ये वरिष्ठ भाजपा विधायक विरोध स्वरूप बेलगावी में चल रहे विधानसभा सत्र में शामिल नहीं हुये हैं।

भाजपा नेतृत्व उनसे सम्पर्क करने तथा उन्हें शान्त और सन्तुष्ट करने की कोशिश कर रहा है। फिलहाल, पार्टी अपने विधायकों को रोके हुये हैं लेकिन सूत्रों का कहना है कि पार्टी में सब कुछ ठीक-ठाक नही चल रहा है तथा कुछ वरिष्ठ विधायक चुनाव लड़ने के लिये टिकट मिलने के सम्बन्ध में आशंकाएं व्यक्त कर रहे हैं। भाजपा के लिये सौभाग्य की बात यह है कि इस समय कांग्रेस भी बँटी हुई है तथा उसके दो शीर्षस्थ नेता-पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धरमैया तथा के.पी.सी.सी. प्रमुख डी.के. शिवकुमार अलग-अलग दिशाओं में जा रहे हैं।

## 'मिलटरी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने पूछा, "हमले रोके क्यों नहीं जा रहे। भारत में छापेमारी की चीन की हिम्मत कैसे हो रही है, और हमारा जवाब शुद्ध रुप से प्रतिक्रियास्वरुप होता है।"

उन्होंने कहा: "हम मात्र इतना जानना चाहते हैं कि हमारी तैयारी किस स्तर की है। चीनी पी.एल.ए. सेना से हुई 16 राउन्ड की वार्ताओं का हासिल क्या रहा? बाली में प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी से, अगर कुछ कहा भी था तो, क्या कहा था?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा: "हमारी मांग सिर्फ यह थी कि सदन में चर्चा हो। चीनी अतिक्रमण के बारे में जानकारी दी जाये, जिससे देश की जनता सूचित हो सके। अगर चर्चा नहीं होती है तथा केवल इकतरफा जवाब दिया जाता है तो वह किस काम का है?"

## चीन से आने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। ऐसी स्थिति में मेरा आपसे आग्रह है कि, चीन आने-जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवाओं पर अविलंब प्रतिबंध लगाये जाने की कार्रवाही करें, जिससे वहां के संक्रमित नागरिक हमारे देश में नहीं आ सकें, तथा देश में करोना जैसी महामारी के संक्रमण की स्थिति उत्पन्न नहीं हो और चीन के रास्ते अन्य देशों से आने वाले नागरिकों का पूर्व की भांति हवाई अड्डे पर करोना टैस्ट करवाया जाये। जिससे संक्रमित नागरिक हमारे देश में नहीं आ सकें।

पत्र में सराफ ने कहा, मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मेरे उक्त आग्रह को स्वीकार कर चीन से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवाओं पर अविलंब प्रतिबंध लगाने का निर्णय लेकर अनुग्रहित करेंगे।

# माफी योजना के तहत जेल से रिहा होंगे 1031 कैदी

- **केन्द्रीय मंत्री अजय कुमार ने बताया कि, सजा पूरी होने के बावजूद भी ये कैदी जुर्माने की राशि अदा नहीं कर पाने के कारण जेलों में बंद हैं।**

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर (वार्ता)। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार ने आज राज्यसभा को बताया कि देश की जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या 78 फीसदी है।

कुमार ने बुधवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि जेल, उनका प्रबंधन तथा कैदियों का विषय राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। केन्द्र सरकार जेल प्रबंधन और कैदियों के बारे में समय समय पर परामर्श जारी करती है। उन्होंने कहा कि जहां तक विचाराधीन कैदियों का सवाल है इनके बारे में कोई भी निर्णय न्यायालय को ही लेना है।

यह पूछे जाने पर कि सरकार उन 1031 कैदियों के बारे में क्या कदम उठा रही है जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है लेकिन जुर्माने की राशि नहीं देने के कारण वे अभी भी जेलों में ही बंद हैं कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार ने एक माफी योजना शुरू की है जिसमें आगामी 26 जनवरी तथा आगामी 15 अगस्त को राज्यों की सिफारिश पर कैदियों की रिहायी की जायेगी। इसी योजना के तहत गत 15 अगस्त को भी कुछ कैदियों को रिहा किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस तरह के मामले में एक समिति का गठन करती है और फिर समिति की सिफारिशों के आधार पर प्रस्ताव भेजती है जिनपर केन्द्र सरकार विचार करती है। उभयलिंगी कैदियों के बारे में जेलों में अलग व्यवस्था के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों वाले कैदियों को जेलों में विशेष परिस्थितियों में ही रखा जाता है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

MARUTI SUZUKI

NEXA

# NOW IS THE BEST TIME TO OWN A NEXA CAR.

Choose from the exciting range of NEXA cars.

C R E A T E. I N S P I R E.




NEXA
7
INSPIRING FUTURE

SCAN THE QR CODE TO EXPERIENCE THE WORLD OF NEXA.

SCAN THE QR CODE TO BOOK YOUR TEST DRIVE NOW.

**VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING BENEFITS.**

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**JAIPUR: NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

*T&C apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Offers shown above include consumer offer and exchange bonus. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st DEC'22 or till stocks last. Price applicable on the date of invoice shall be applicable. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities.

Scan to know more.

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)